
संस्थापक- संपादक
स्व. आर. एस. शुक्ला

e-paper
dainandini.in

दैनिक
# दैनन्दिनी.

◆ वर्ष-15 ◆अंक-162 ◆ रायपुर, गुरुवार 14 नवंबर 2024 ◆रायपुर और बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित ◆ CHHHIN/2010/34274 ◆ पृष्ठ-08 मूल्य-1.50 रुपए

## आज का पंचांग



तिथि : त्रयोदशी
नक्षत्र: अश्विनी
प्रथम : करण
द्वितीय : करण
पक्ष: शुक्ल
वार: गुरुवार
योग : सिद्धि
सूर्योदय : 06:47
सूर्यास्त : 17:24
चंद्रमा : मेष
राहुकाल : 13:25-14:45
विक्रमी संवत् :2081
शक संवत् :1946
मास : कार्तिक
शुभ मुहूर्त : अभिजीत : 11:44 - 12:27

# जनजातीय गौरव यात्रा से मिली युवाओं और समाज को आगे बढ़ने की प्रेरणा : मनसुख मंडाविया

## जनजातीय समाज को विकास से जोड़कर गौरव बढ़ा रहे प्रधानमंत्री : साय

**रायपुर ( दैनंदिनी )।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती से दो दिन पूर्व उनके स्मृति में जशपुर में आयोजित जनजातीय गौरव यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय श्रम, युवा एवं रोजगार मामले तथा खेल मंत्री श्री मनसुख मंडाविया, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सहित प्रदेश के मंत्रीगण शामिल हुए। स्थानीय रणजीता स्टेडियम में यात्रा के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि श्री मांडविया ने माई भारत वॉलिंटियर्स द्वारा आयोजित इस यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि यात्रा में शामिल होकर यहाँ की आदिवासी संस्कृति, विरासत, यहाँ की रहन-सहन, वेशभूषा को देखने और जानने का अवसर मिला। इस यात्रा से युवाओं को एकजुट होने और समाज को देश के प्रति जागरूक बनाते हुए उन्हें आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जी से प्रेरणा लेकर समाज आगे बढ़े और देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा विकसित भारत बनाने के संकल्प से जुड़कर देश को विकास के साथ जुड़कर काम करें।

केंद्रीय मंत्री श्री मांडविया ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत के विकास के लिए जो योजनाएं बनाई है, उसमें आप सभी को जुड़ना है। माई भारत एप्लिकेशन में जाकर अपना रजिस्ट्रेशन भी कराना है। केंद्रीय मंत्री श्री मांडविया ने कहा कि सुबह से पदयात्रा करते हुए यहाँ के लोक जीवन का परिचय हुआ। जनजाति समाज सहित अन्य समाज के लोग भी इसमें शामिल नजर आए और जगह-जगह अलग-अलग तरीके से स्वागत, अभिनन्दन करते रहे। जगह-जगह स्टॉल लगाकर पानी पिलाना, फल सहित अन्य खाद्य




सामग्री बाटना और यात्रा में शामिल सभी लोगों को प्रोत्साहित करते हुए देखकर खुशी हुई। इस यात्रा के दौरान मैंने भी कुछ लोगों से बात की। मुझे देश का उज्ज्वल भविष्य नजर आया। मैं जान पाया कि हमारा देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने जनजातीय गौरव यात्रा के सफल आयोजन के लिए सभी के प्रति आभार भी जताया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में आदिवासियों का गौरव लगातार बढ़ रहा है। भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती 15 नवंबर को आज पूरे देश में आदिवासी स्वाभिमान और गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। सर्वोच्च पद पर आज आदिवासी समाज की महिला द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति के रूप में सुशोभित हैं। अति पिछड़े आदिवासियों के विकास को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने उच्च प्राथमिकता दी है। पीएम जनमन योजना से जनजातीय समुदाय की तस्वीर बदल रही है। धरती आबा आदिवासी ग्राम उत्कर्ष योजना लॉन्च की गई है और इसके लिए 80 हजार करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेई को भी याद किया। आदिवासियों की विशेष जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने भारत सरकार में पृथक आदिवासी विकास मंत्रालय का गठन किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राजधानी रायपुर में 14 और 15 नवंबर को देश भर के आदिवासियों की संस्कृतियों का प्रदर्शन होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने माटी के वीर पदयात्रा समारोह में शामिल होने के लिए केंद्रीय मंत्री श्री मांडविया के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पदयात्रा बेहद सफल रही।

## कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर और अभिषेक वर्मा बरी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर और विवादास्पद हथियार डीलर अभिषेक वर्मा को धोखाधड़ी और जालसाजी के एक मामले में बरी कर दिया। यह मामला एक जाली पत्र से जुड़ा है जिसका इस्तेमाल चीनी दूरसंचार अधिकारियों को वीजा विस्तार का आश्वासन देने के लिए किया गया था। सांसद एवं विधायक (एमपी/एमएलए) मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष के वकील की दलीलें सुनने के बाद बरी करने का आदेश सुनाया और कहा, सम तिथि के अलग-अलग फैसले के अनुसार आरोपी नंबर एक अभिषेक वर्मा और ए-2 जगदीश टाइटलर को बरी किया जाता है क्योंकि अभियोजन पक्ष मामले को उचित संदेह से परे साबित करने में विफल रहा। दोनों आरोपियों द्वारा प्रस्तुत जमानत बांड रद्द किए जाते हैं और दोनों आरोपियों के जमानतदार भी मुक्त किए जाते हैं।

## बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट 15 दिन पहले देना होगा नोटिस

**नई दिल्ली ( वीएनएस )।** सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर एक्शन पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए बुधवार को कहा कि उसने संविधान में दिए गए उन अधिकारों को ध्यान में रखा है, जो राज्य की मनमानी कार्रवाई से लोगों को सुरक्षा प्रदान करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि किसी भी संपत्ति का विध्वंस तब तक नहीं किया जा सकता, जब तक उसके मालिक को पंद्रह दिन पहले नोटिस न दिया जाए। कोर्ट ने कहा कि यह नोटिस मालिक को पंजीकृत डाक के जरिए से भेजा जाएगा।




# माटी के वीर पदयात्रा का भव्य आयोजन

**केन्द्रीय मंत्री डॉ. मंडाविया एवं सीएम साय की अगुवाई में माई भारत से जुड़े 10 हजार वॉलेंटियर हुए शामिल**

**रायपुर ( दैनंदिनी )।** केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अगुवाई में आज जशपुर नगर में माटी के वीर पदयात्रा आयोजित हुई। जशपुर के बालाछापर से शुरू हुई यह पदयात्रा लगभग सात किलोमीटर तक की थी, जो कि विभिन्न चौक, चौराहों एवं मार्गों से होते हुए रणजीता स्टेडियम पहुंची। इसका उद्देश्य धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर जनजातीय समुदायों की विरासत और देश के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान को देश-दुनिया को बताना और सम्मानित करना है। माटी के वीर पदयात्रा को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह था। पदयात्रा में शामिल लोगों के स्वागत-सम्मान में जगह-जगह सुन्दर रंगोलियां और कलाकृतियां बनाई गई थी। गम्हरिया चौक पर जनजातीय समुदायों के प्राची अस्त्र-शस्त्र एवं वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। कार्यक्रम स्थल एवं पदयात्रा के दौरान आदिवासी नर्तक दलों द्वारा गीत और नृत्य का प्रदर्शन किया गया। पदयात्रा में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों सहित माई भारत से जुड़े 10 हजार से अधिक वॉलेंटियर शामिल हुए।





# राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस 15 को, पीएम मोदी करेंगे वर्चुअल शुभारंभ



**रायपुर ( दैनंदिनी )।** भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती 'जनजातीय गौरव दिवस' पर 15 नवंबर को रायपुर में जनजातीय गौरव दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जमुई बिहार से वर्चुअल रूप से जुड़कर इस समारोह का शुभारंभ करेंगे और पीएम जनमन योजना में शामिल जिलों के हितग्राहियों से चर्चा भी करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर राजधानी रायपुर के अलावा राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में भी एक दिवसीय गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा। आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने बताया कि जनजातीय गौरव दिवस के शुभारंभ कार्यक्रम का लाईव प्रसारण पीएम जनमन योजना में शामिल जिलों में दो तरफा संवाद एवं शेष जिलों में केवल प्रसारण की व्यवस्था की जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी के जमुई, बिहार से गौरव दिवस का शुभारंभ कर संबोधित करेंगे। इस मौके पर आयोजित होने वाली कार्यक्रमों में केन्द्र व राज्य के मंत्रीगण, सांसद, विधायक तथा पंचायत प्रतिनिधि, जनजातीय परिवार के सदस्यों को आमंत्रित किया जाएगा साथ ही अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने कहा गया है। जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन में स्थानीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान एवं उनके वंशजों को सम्मानित किया जाएगा। पी.एम. जनमन एवं ''धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान'' के तहत ग्राम स्तर, विकासखंड स्तर एवं जिला स्तर पर योजनाओं का प्रचार-प्रसार के साथ ही 15 से 26 नवंबर, 2024 तक सभी चिन्हांकित ग्रामों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर आयोजित होने वाली विशेष ग्राम सभा में वन अधिकार अधिनियम, पेसा अधिनियम, सतत् विकास लक्ष्य का पंचायत स्तर पर स्थानीयकरण एवं गौरवशाली जनजातीय इतिहास के बारे में चर्चा की जाएगी।

# झारखंड में भारी मतदान 5 बजे तक 65 प्र. वोटिंग

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में आज 81 में से 43 सीटों पर सुबह 7 बजे से वोट डाले गए. राज्य में कुल 15,344 मतदान केंद्र हैं, जिनमें 14,394 पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक और 950 नक्सल प्रभावित बूथों पर शाम 4 बजे तक वोटिंग हुई। झारखंड में पहले चरण की 43 सीटों पर शाम 5 बजे तक 64.86 फीसदी वोटिंग हो चुकी है. खरसावां सीट पर सबसे अधिक वोटिंग हुई है. यहां पर 77 फीसदी से अधिक वोट पड़ चुके हैं. झारखंड में सरायकेला-खरसावां जिले में सबसे अधिक वोट डाले गए। यहां पर 66.38 फीसदी वोट पड़ चुके हैं. इसके बाद लोहरदगा में 65.99 प्रतिशत, गुमला में 64.59 प्रतिशत और सिमडेगा में 64.31 फीसदी वोटिंग हुई है. टीम इंडिया के पूर्व कप्तान एम एस धोनी ने झारखंड में रांची के एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला।



# मतदान : निर्दलीय प्रत्याशी ने एसडीएम को मारा थप्पड़




**जयपुर ( एजेंसी )।** राजस्थान में टोंक जिले की देवली उनियारा सीट पर हो रहे उपचुनाव से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। यहां से चुनाव लड़ रहे निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ने तैश में आकर मालपुरा एसडीएम अमित चौधरी को थप्पड़ जड़ दिया। इससे वहां माहौल बिगड़ गया। इस घटना के बाद वहां हंगामा हो गया। यहां निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा और एसडीएम में ग्रामीणों की मांग को लेकर झड़प हो गई थी। उसके बाद नरेश मीणा ने अपना आपा खो दिया और एसडीएम को थप्पड़ दे मारा। जानकारी के अनुसार देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र की कचरावता ग्राम पंचायत के समरावत गांव के ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर रखा था। ग्रामीणों का कहना था कि उनका गांव पहले उनियारा उपखंड में था, लेकिन बाद में पिछली सरकार ने उनके गांव को उनियारा से हटाकर देवली में उपखंड में शामिल कर दिया था। इससे वे नाखुश हैं। ग्रामीण लंबे समय से मांग कर रहे थे कि उनके गांव को वापस उनियारा में शामिल किया जाए।



# आमिर खान ने कहा, सिनेमाघरों में सीटें भरने वाला ही है असली स्टार

मुंबई, । बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान ने एक वीडियो में असली स्टारडम को परिभाषित किया और बताया कि यह इस बात से मायने रखता है कि एक स्टार सिनेमाघरों में अपनी फिल्म के लिए कितनी सीटें भर सकता है। 'तारे जमीन पर' स्टार आमिर खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें वह अपनी पूर्व पत्नी किरण राव के साथ बैठे हॉलीवुड रिपोर्टर से बातचीत करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने बताया आज स्टारडम का क्या मतलब है और सोशल मीडिया किस तरह से स्टार की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। असली स्टारडम यह है कि आप कितनी सीटें भरते हैं? अगर आप सिनेमाघर भर पाते हैं तो आप स्टार हैं। बातचीत की कड़ी में खान ने कहा, मैं आपसे प्यार कर सकता हूं, लेकिन मैं आपकी फिल्म देखने नहीं आ सकता। वह भी एक स्टार हैं, मैं यह नहीं कह रहा हूं कि वह स्टार नहीं हैं। आमिर ने आगे कहा, जो लोग शायद सीटें नहीं भर पाते वे भी स्टार हैं। लेकिन मेरी समझ से एक निर्माता के तौर पर अगर मैं किसी स्टार को साइन कर रहा हूं तो मैं उससे सीटें भरने की उम्मीद करता हूं। अन्यथा मैं उसे क्यों ले रहा हूं? एक स्टार के तौर पर, एक अभिनेता के तौर पर, मुझे ऐसे व्यक्ति की जरूरत हो सकती है, जिसका एक खास व्यक्तित्व हो। मुझे कोई ऐसा चाहिए जो सीटें भर सके। आमिर ने कहा कि वह राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित 2009 की ब्लॉकबस्टर '3 इडियट्स' का सारा श्रेय नहीं ले सकते। यह एक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है, जो चेतन भगत के उपन्यास फाइव पॉइंट पर बनी। फिल्म में आमिर खान के साथ आर. माधवन, शरमन जोशी, करीना कपूर, बोमन ईरानी और ओमी वैद्य मुख्य भूमिकाओं में हैं। उन्होंने कहा, निर्देशक, निर्माता, लेखक, पूरी टीम ने एक ऐसी फिल्म बनाई है, जो लोगों से जुड़ी हुई है, ऐसे में मैं फिल्म की सफलता का पूरा श्रेय नहीं ले सकता हूं। उन्होंने साझा किया कि एक स्टार को उसके द्वारा की गई ओपनिंग से परिभाषित किया जा सकता है। मैं सिर्फ पहले तीन दिनों में लोगों को आकर्षित करने का श्रेय ले सकता हूं और एक स्टार को उसकी शुरुआत से ही पहचाना जा सकता है। खान ने कहा देखिए ऐसी बहुत सी फ़िल्में हैं, जो अच्छी शुरुआत नहीं करती हैं, लेकिन वे बढ़िया कारोबार करती हैं।



# रिजेक्शन झेल चुकी हैं विद्या बालन, मिला था अशुभ अभिनेत्री का तमगा

मुंबई, । भूल भुलैया 3 की सफलता का जश्न मना रही अभिनेत्री विद्या बालन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपने करियर के मुश्किल दौर के बारे में बात करती नजर आ रही हैं।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में अभिनेत्री बताती नजर आ रही हैं कि एक समय उन्हें कई दक्षिण भारतीय फिल्मों से रिप्लेस कर दिया गया था। अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें यह झटका सुपरस्टार मोहनलाल के साथ एक बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट के बंद होने के बाद लगा था।

विद्या बालन एक पुराने वीडियो में बताती नजर आ रही हैं कि कैसे उनकी पहली फिल्म बंद होने के बाद उन्हें अशुभ करार दिया गया था। क्लिप में वह कहती हुई सुनाई दे रही हैं, दक्षिण में डेढ़ साल तक मैंने चाहे जो भी किया, वह कभी भी सफल नहीं हुआ। दो बड़ी मलयालम फ़िल्में साइन करने के बाद मुझे अशुभ करार दिया गया, दोनों ही फ़िल्में बीच में ही रोक दी गईं, जबकि 50 प्रतिशत शूटिंग पहले ही पूरी हो चुकी थी।



उन्होंने आगे कहा, जब मैंने पहली बार मोहनलाल के साथ मलयालम में अपनी फीचर फिल्म की तो मुझे अपने पहले शेड्यूल के बाद 7-8 फ़िल्मों के ऑफर मिले। समस्या यह थी कि पहले शेड्यूल के बाद फिल्म बंद हो गई। न केवल फिल्म बंद हो गई, बल्कि मुझे बाकी सभी फ़िल्मों से भी रिप्लेस कर दिया गया। उसके बाद मुझे अशुभ करार दिया गया। जब मुझे उन सभी फिल्मों से रिप्लेस कर दिया गया तो मेरा आत्मविश्वास बहुत प्रभावित हुआ। उस समय मुझे एक बहुत बड़ी तमिल फिल्म से भी निकाल दिया गया था। विद्या ने 2003 में बंगाली फिल्म 'भालो थेको' से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की। उन्होंने 2005 में 'परिणीता' से बॉलीवुड में कदम रखा। प्रदीप सरकार निर्देशित संगीतमय रोमांटिक कॉमेडी में काम के लिए उन्हें काफी सराहना मिली।

इसके बाद अभिनेत्री 'लगे रहो मुन्ना भाई', 'भूल भुलैया', 'पा', 'इश्किया', 'नो वन किल्ड जेसिका', 'कहानी' और बायोपिक 'द डर्टी पिक्चर' जैसी व्यावसायिक रूप से सफल फिल्मों में दिखाई दीं। हाल ही में विद्या अनीस बमी की हॉरर-कॉमेडी 'भूल भुलैया 3' में नजर आईं। 2007 की मूल फिल्म भूल भुलैया में अपने यादगार प्रदर्शन के बाद विद्या ने भूल भुलैया 3 में वापसी की। तीसरी किस्त में कार्तिक आर्यन ने रूह बाबा की अपनी भूमिका को दोहराया। फिल्म में विद्या बालन के साथ माधुरी दीक्षित, संजय मिश्रा, तृप्ति डिमरी और राजपाल यादव जैसे कलाकार भी हैं। हॉरर-कॉमेडी 1 नवंबर को रिलीज हुई।

# रोमांटिक हुई सोनाली बेंद्रे, पति गोल्डी संग शेयर की पोस्ट

मुंबई, । फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत और एवरग्रीन अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने पति गोल्डी बहल के साथ सोशल मीडिया पर एक खूबसूरत पोस्ट शेयर कर उन्हें बधाई दी। अभिनेत्री और गोल्डी शादी की 22वीं सालगिरह का जश्न मना रहे हैं। इस मौके को और भी खास बनाने के लिए अभिनेत्री ने अपनी रोमांटिक और प्यारी यादों को समेटे हुए एक दिल छू लेने वाला वीडियो शेयर किया। सोनाली ने इंस्टाग्राम पर यह वीडियो पोस्ट कर कैप्शन लिखा 22 एट गोल्डी बहल। सरल कैप्शन के साथ रोमांटिक वीडियो मोंटाज उनके खूबसूरत रिश्ते को बयां करता नजर आया।



'हम साथ साथ हैं' अभिनेत्री ने फिल्म 'दो पत्ती' के गाने 'मैया तेरी मेरी एक जिंद जान है' को भी वीडियो मोंटाज के बैकग्राउंड में एड किया, जिसे संगीतकार जोड़ी सचेत-परंपरा ने गाया है। वीडियो में सोनाली और गोल्डी की खूबसूरत तस्वीरें शामिल हैं।

इससे पहले अभिनेत्री ने अपनी शादी की 20वीं सालगिरह पर अपने पारिवारिक अल्बम से दो थ्रोबैक तस्वीरें शेयर की थीं। वीडियो मोंटाज बहल के साथ सोनाली बेंद्रे 12 नवंबर, 2002 को शादी के बंधन में बंधी थीं। मुंबई में आयोजित रिसेप्शन पार्टी में फिल्म जगत के तमाम सितारों के साथ ही राजनीतिक हस्तियों ने शिरकत कर जोड़े को शुभकामनाएं दी थीं। दोनों का एक बेटा भी है, जिसका नाम उन्होंने रणवीर रखा है। कैंसर पर जीत हासिल करने वाली सरफ़रोश अभिनेत्री ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया था कि शादी का मतलब है एक-दूसरे के साथ खुशी और दुख के समय में साथ खड़े रहना है और मेरे पति मेरी ताकत हैं।

# काली साड़ी में धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित ने शेयर की सुंदर तस्वीरें

मुंबई, । फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत अभिनेत्रियों की बात करें तो माधुरी दीक्षित का नाम टॉप पर आता है। 'भुल भूलैया 3' की 'मंजुलिका' ने काली साड़ी में अपनी बेहद सुंदर तस्वीरें शेयर की हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर लेटेस्ट तस्वीरें शेयर कर 'धक धक गर्ल' ने खूबसूरत कैप्शन भी दिया। 'देवदास' की 'चंद्रमुखी' ने लिखा मजबूत, सुंदर और अजेय। अभिनेत्री की खूबसूरती उनकी मुस्कुराहट से और भी बढ़ गई। फैंस उनकी तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं और तारीफ में एक से बढ़कर एक कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा हमेशा के लिए शालीनता और सुंदरता की रानी! आपकी मुस्कान हर पल को रोशन करती है, माधुरी जी आप वाकई जादुई हैं। एक अन्य ने लिखा फेवरेट अभिनेत्री वहीं, दूसरे ने लिखा आपका क्लासिक लुक।

माधुरी दीक्षित का इंस्टाग्राम उनकी एक से बढ़कर एक खूबसूरत तस्वीरों से भरी पड़ी है। अभिनेत्री वेस्टर्न हो या ट्रेडिशनल, हर लुक में कमाल लगती हैं और एवरग्रीन अभिनेत्री के हर लुक को उनके फैंस काफी पसंद करते हैं। काली साड़ी के साथ अपने लुक को और भी खूबसूरत बनाने के लिए माधुरी ने गोल्डन वेलरी का सहारा लिया। बता दें कि हाल ही में अभिनेता अनिल कपूर ने 'तेजाब' के 36 साल पूरे होने का जश्न सोशल मीडिया पर एक पोस्टर शेयर कर मनाया है।





अभिनेता ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें कुछ लोग एक दो तीन चार' गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर वीडियो पोस्ट कर कैप्शन में लिखा, तेजाब के 36 साल पूरे होने का जश्न, फिल्म, यादगार संगीत और प्रतिष्ठित किरदार महेश देशमुख उर्फ मुन्ना आज भी लाखों लोगों के दिलों में जिंदा हैं।

लक्ष्मीकांत प्यारेलाल के संगीत, जावेद अख्तर के बोल और अनुपम खेर के साथ माधुरी दीक्षित नेने के लाजवाब अभिनय के साथ एन. चंद्रा की इस रचना ने एक युग को परिभाषित किया है। एन. चंद्रा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अनिल कपूर और माधुरी दीक्षित मुख्य भूमिकाओं में थे। रोमांटिक एक्शन ड्रामा ने माधुरी दीक्षित को 10 फ्लॉप फिल्मों के बाद सुपरस्टार बना दिया। यह फिल्म अभिनेत्री का पहला बड़ा ब्रेक था और इसने उन्हें रातों रात स्टार बना दिया। 11 नवंबर, 1988 को रिलीज हुई तेजाब बॉक्स ऑफिस पर बहुत हिट रही और साल की सबसे यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई। इस बीच माधुरी दीक्षित के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह दीपावली के मौके पर एक नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म भूल भुलैया 3 में नजर आई थीं। अनीस बमी निर्देशित फिल्म में माधुरी के साथ कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, संजय मिश्रा, रामपाल यादव, तृप्ति डिमरी अहम रोल में हैं।

## करण जौहर की सलाह- अकेले खुश रहना सीख लें

मुंबई, । फिल्म निर्माता-निर्देशक करण जौहर इन दिनों सोशल मीडिया पर ज्ञान से भरे पोस्ट शेयर कर रहे हैं। लेटेस्ट पोस्ट में उन्होंने सलाह दी है कि अकेले खुश रहना सिख लेना चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन पर करण जौहर ने लिखा खुद को सबसे अछे लोगों के साथ रखें जो आपको मिल सकते हैं, लेकिन यह भी जानें कि अकेले कैसे खुश रहना है। इससे पहले करण ने कुछ ज्ञानवर्धक बातें शेयर की। करण ने लिखा आप जिस बातचीत से बच रहे हैं, वह वही है जिसकी आपको सबसे यादा जरूरत है।

'कुछ कुछ होता है' निर्माता अक्सर सोशल मीडिया पर क्रिप्टिक पोस्ट कर रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर बताया कि कब माफी नहीं मांगनी चाहिए। करण जौहर ने लिखा कभी भी अलग तरह से सोचने, गहराई से महसूस करने या किसी को बिना शर्त प्यार करने के लिए माफी नहीं मांगनी चाहिए। कभी अलविदा ना कहना निर्देशक करण जौहर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर अपकमिंग प्रोजेक्ट की जानकारी दी। उन्होंने फिल्म 'चांद मेरा दिल' का एक पोस्टर शेयर कर अन्य जैसी गहरी और भावुक प्रेम कहानी लाने के है। चांद मेरा दिल फिल्म में अनन्या पांडे और लक्ष्य हैं जिसका निर्देशन विवेक सोनी ने किया है और यह फिल्म 2025 में सिनेमाघरों में उतरने के लिए तैयार है।

## विविध



# कुदरती उपाय अपनाएं, गोरा निखार पाएं



त्वचा की रंगत निखारने तथा त्वचा संबधी समस्याओं से निजात दिलाने में सबसे बेहतर और भरोसेमंद घरेलू सौंदर्य प्रसाधन माने जाते हैं। उपलब्धता में सुलभ, इस्तेमाल में आसान तथा कम समय में तैयार होने वाले घरेलू सौंदर्य प्रसाधन साइड इफेक्ट से रहित भी होते हैं। यदि आप भी अपने सौंदर्य को लंबे समय तक जवां बनाना चाहते हैं तो घरेलू सौंदय प्रसाधन आपके लिए वरदान सिद्ध हो सकते हैं। चमकदार और स्वस्थ त्वचा के लिए कुछ घरेलू उपचार आजमाएं। सामान्य त्वचावाली महिलाएं एवोकैडो, शहद, कच्चे दूध, खीरे के रस युक्त फेस पैक का हफ्ते में 2 बार इस्तेमाल कर सकती है। हर्बल स्किन केयर रेंज इस नजर से अच्छा ऑप्शन है। ऑयली त्वचा है, तो नींबू, चंदन या पोदीनायुक्त किसी क्रीम का इस्तेमाल करें। शुष्क त्वचा है, तो बादाम, ऑलिव, कोका या शिया बटर युक्त क्रीम का इस्तेमाल करें। मेथी के पत्ते पीसकर यदि चेहरे पर मले जाएं तो इससे चेहरे के दाग-धब्बे मिट जाते हैं। इसके प्रयोग से त्वचा का सूखापन भी मिटता है तथा झुर्रियां भी दूर होने लगती हैं। पत्ते की जगह दाना मेथी को दूध में पीसकर लगाया जा सकता है। एक कटोरी में एक बडा चम्मच मुलतानी मिट्टी का पावडर लें। अब इसमें समान मात्रा में चंदन पावडर मिलाकर इस मिश्रण को गुलाबजल मिलाकर पतला करें। यह पैक त्वचा में कसावट और चमक लाने के लिए बेहतरीन फेस पैक है। इसका प्रयोग तैलीय त्वचा वाले युवाओं के लिए लाभकारी होता है। एक टमाटर को पीसकर उसका गुदा एक कटोरी में निकाले। अब इसमें एक छोटा चम्मच शहद मिलाकर दोनों को अच्छे से मिक्स करें। यह पैक आपकी त्वचा की कुदरती चमक को बखूबी निखारता है। एक चम्मच शहद, एक चम्मच ग्लिसरीन तथा दो चम्मच नींबू का रस लेकर इन तीनों चीजों को एक कटोरी में एकसाथ मिलाएं। यह पैक आपकी त्वचा की रंगत निखारने के लिए प्राकृतिक ब्लीच का कार्य करता है।

# परिवार को जोड़ती है डाइनिंग टेबल, साथ बैठ कर तो



परिवार चाहे संयुक्त हो या एकल, परिवार के सभी सदस्यों का डाइनिंग टेबल पर मिल बैठ कर भोजन करने का अलग ही आनंद होता है। डाइनिंग टेबल आज पारिवारिक जीवन में आवश्यक व उपयोगी वस्तु बन गई है। आज के भागदौड़ भरे जीवन में सुख-दुख, प्यार-मुहब्बत या फिर शिकवे-शिकायत करने का स्थल डाइनिंग टेबल ही रह गई है।

सहभोज से परिजनों के बीच खुल कर बातें होने व हल्का-फुल्का हंसी-मजाक करने से मन हलका होता है। आपसी विश्वास बढ़ता है। एक दूसरे से सलाह-मशविरा करने से उलझनें व समस्याएं दूर होती हैं। इतना ही नहीं तनाव, मनमुटाव और अंसतोष की स्थिति भी उत्पन्न नहीं होती।

डाइनिंग टेबल पारिवारिक जीवन को जोड़ने का माध्यम है। अलग-अलग बैठकर खाने से संबंधों में दूरी पैदा होती है। इससे परिवार बंटता है जबकि साथ खाने से एक दूसरे की रूचि का पता चलता है। भोजन के बाद सबको खाने की संतुष्टि प्राप्त होती है उस सुखानुभूति का प्रभाव पाचन क्रिया पर पड़ता है जिससे भोजन सुपाच्य बन जाता है।


डाइनिंग टेबल व्यवस्थित व सुविधाजनक स्थान पर होनी चाहिए। रसोई के पास हो तो ज्यादा ठीक होगा इससे ऊर्जा, शक्ति व ताजगी बनी रहेगी। सजावट ऐसी होनी चाहिए कि खाने वालों की भूख को और बढ़ा दे। अगर परोसने वाले बरतन कलात्मक, चमकदार और करीने से सजाए गए हों, फूलदान पास रखा हो तो फिर कहना ही क्या। इससे मन-मस्तिष्क को कितना सुकून मिलेगा इसका अनुमान लगाया जा सकता है।

सहभोज का परिवार के सदस्यों पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है। एक दूसरे की अच्छाइयां, कमजोरियां बातों ही बातों में उजागर हो जाती हैं तथा मन की पीड़ा व्यक्त करने से निराशा, कुंठा, अवसाद, एकाकीपन जैसी मानसिक समस्याओं की गुंजाइश पैदा नहीं हो पाती है क्योंकि मनमस्तिष्क से खुलेपन में बातचीत होती है। दूरियों को नजदीकियों में बदलने से वैचारिक स्वतंत्रता का एहसास होता है।

डाइनिंग टेबल को मात्र काठ, प्लास्टिक, लोहे, बेंत का मूकाकार नहीं मानना चाहिए। इसमें तो पारिवारिक जीवन की धड़कन बसी होती है।

# खाना खजाना









## मधुमेह रोगियों के लिए एक स्वादिष्ट और सेहतमंद व्यंजन

वेजीटेरियन चुकंदर सूप एक ऐसी रेसिपी है। जो स्वाद के साथ साथ सेहत से भरपूर है। इस में कैलोरी की मात्रा बहुत ही काम होती है और फाइबर और पोषक तत्वों की मात्रा भरपूर पायी जाती है।

### वेजीटेरियन चुकंदर सूप



एक बारीक कटा हुआ हरा प्याज, एक बारीक कटा हुआ लाल प्याज, दो गाजर कद्दूकस किया हुआ, एक कटा हुआ कम मीठा आलू, दो चुकंदर छोटे - छोटे टुकड़ो में कटा हुआ, दो कप कटी हुई लाल गोभी या नियमित रूप में उपयोग करने बाली गोभी भी उपयोग कर सकते हैं, दो बड़ा चम्मच जैतून का तेल, आठ कप (दो लीटर) पानी, दो बड़ी चम्मच दही। **बनाने की विधि** - एक बड़े बर्तन को अपने चूल्हे पर चढायेँ। बर्तन गर्म हो जाने पर उस में जैतून का तेल डाल के गरम करे। अब इस में प्याज डाल दें, प्याज को तब तक पकायें जब तक वह नर्म और हलके भूरे रंग का न हो जाये। फिर इस में गाजर और कटा हुआ हरा प्याज डाल के थोड़ा पकायें। फिर इस में पानी डालें और कटा हुआ आलू और चुकंदर डाल कर 10 मिनट पकायें। अब इस में कटा हुआ गोभी डाल कर फिर इसे 10 मिनट के लिए पकायें। अब आप का बोर्स्ट सूप बन चूका हैं। इस को आप प्याले में निकल कर इस पर थोड़ी दही डाल कर इसे परोसें। यह सूप सेहतमंद है। आप को बहुत पसंद आएगा।

### आंवला चावल

आंवला विटामिन सी का बहुत अच्छा स्रोत है। यह खांसी और सर्दी सहित वायरल रोगों को रोकता है। आंवला उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करने में मदद करता है और बालों को स्वस्थ रखता है। अया मधुमेह को भी नियंत्रित करता है। **आंवला चावल बनाने की सामग्री**- पांच आंवला, दो कप पके हुए चावल, नमक स्वाद अनुसार,तड़के के लिए सामग्री- दो बड़े चम्मच घी / तेल, एक चुटकी हींग, आधा छोटी चम्मच सरसों के बीज या राई, आधा छोटी चम्मच उड़द की दाल, आधा छोटी चम्मच चना दाल, दो बड़े चम्मच मूँगफली, दस काजू, तीन से चार (लम्बी कटी हुई ) हरी मिर्च, एक चौथाई छोटी चम्मच हल्दी पाउडर, एक चौथाई कप कसा हुआ नारियल, दो बड़े चम्मच कटा हरा धनिया। **आंवला चावल बनाने की बिधि**-आंवला को अच्छी तरह से धो लें और उसे कद्दूकस कर के बीज हटा दें। एक कढ़ाई को चूल्हे पर गर्म करें। अब कढ़ाई में घी या तेल डालें। घी या तेल गर्म होने पर उस में सरसों के बीज और हींग डालें। अब इस में उड़द दाल, चना दाल, मूंगफली और काजू डाल अब इस में कसा हुआ आंवला, कसा हुआ नारियल, हरी मिर्च, हल्दी पाउडर और नमक डालें। अब इसे अच्छी तरह मिक्स कर के 2 मिनट के लिए एक धीमी आंच पर पकाएं। फिर कटा हुआ हरा धनिया डालें और कुछ सेकंड के लिए इसे चलायें। अब लौ को बंद कर दें। और इस में पके हुए चावल को डाल कर धीरे-धीरे अच्छी तरह मिला लें। अब आप का स्वादिष्ट पोष्टिक आंवला चावल तैयार हो चूका हैं। अब इसे प्लेट में निकल कर गरमा-गर्म परोसें।




### आंवले की कढ़ी



इस में भरपूर मात्रा में एंटी ऑक्सीडेंट, पोटेशियम, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर ,प्रोटीन्स ,विटामि 'ए', 'बी काम्प्लेक्स, मैग्नीशियम, विटामिन 'सी', आयरन, पाया जाता है। इसको गर्म करने पर भी इसकी विटामिन खत्म नहीं होती हैं। आवला में क्रोमियम तत्व पाए जाते हैं। जो मधुमेह में उपयोगि होता हैं। आंवला इंसुलिन होरमोंस को को सुदृढ़ करता हैं और खून में शुगर की मात्रा को नियंत्रित करता हैं। **आंवले की कढ़ी बनाने की सामग्री**- 50 ग्राम आवला, आधा कप बेसन, एक कप थोड़ा खट्टा दही, आधा छोटी चम्मच हलदी, आधा छोटी चम्मच जीरा, दो कटी हरीमिर्चें, चुटकी भर हींग, दो तेजपत्ता, एक बड़ा चम्मच तेल, नमक स्वादानुसार, आवश्यकता नुसार पानी आंवले की **कढ़ी बनाने की बिधि**- सबसे पहलें आंवले को कुकर में थोड़ा उबले और उस के छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। फिर एक बड़े कटोरे में दही व बेसन को अच्छी तरह मिला लें। ध्यान रखे की बेसन और दही के मिश्रण में कोई गांठ नहीं रहे। अब इस में पानी रख कर फिर से मिला लें। एक बर्तन में तेल गर्म करें, इसमें जीरा और तेजपत्ता डालें। फिर इस में हरीमिर्च डालें। अब इस में मिला हुआ दही व बेसन, हींग, हलदी और आंवले को डालें और लगातार चलातें रहें। अब कढ़ी को 10-15 मिनट धीमी आंच पर पकाएं। यह आप का स्वादिष्ट और पौष्टिक आंवले की कढ़ी बन कर तैयार हो चूका है।

संस्थापक- संपादक
स्व. आर. एस. शुक्ला

e-paper
dainandini.in

# दैनिक दैनन्दिनी.

◆ वर्ष-08 ◆अंक- 038 ◆ बिलासपुर, गुरुवार 14 नवंबर 2024 ◆रायपुर और बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित ◆ CHHHIN/2017/75085 ◆ पृष्ठ-08 मूल्य-1.50 रुपए

# पीएम जनमन योजना : बैगा बिरहोरों के बीच रोशनी पहुंचाने की सार्थक पहल

## शहरों की तरह आदिवासी गांव की गलियां और सड़कें भी होंगी जगमग

**बिलासपुर ( दैनंदिनी )।** पीएम जनमन योजना से बैगा बिरोहर आदिवासियों के जीवन में बदलाव की बयार बहने लगी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई इस योजना से सुदूर वनांचल में रहने वाले इन आदिवासियों का जीवन स्तर सुधरने लगा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा इनकी बेहतरी के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब इन बसाहट के गांव भी रोशनी से जगमग होंगे। शहरों की तरह इनके घर और गांव की गलियां भी रोशन होंगी। जिला प्रशासन द्वारा पीएम जनमन योजना के तहत विकासखण्ड कोटा अंतर्गत सुदुर वनांचल गांव सरगोड़ एवं चिखलाडबरी पीव्हीटीजी बसाहटों में डीएमएफमद 2 करोड़ 22 लाख की लागत से ऑफग्रिड सौर संयंत्रों के माध्यम से विद्युतीकरण कर प्रकाश व्यवस्था का कार्य किया जा रहा है। इस काम के होने से 61 बैगा परिवार, 123 आदिवासी परिवार एवं 25 अन्य परिवारों के घर रोशन होंगे। इसी क्रम में चिखलाडबरी के मजराटोला बेलहाकछार, कटेलीपारा, सौंतापारा एवं स्कूलपारा में कुल 23.7 किलोवॉट क्षमता के सौर संयंत्र लगाया जा रहा है। सरगोड़ के मजराटोला इमलीपारा, स्कूलपारा, डिपरापारा, धनुहारपारा में कुल 24 किलोवॉट क्षमता के सौर संयंत्र से बैगा जनजाति, आदिवासी एवं अन्य घरों में प्रकाश व्यवस्था एवं स्ट्रीट लाईट के माध्यम से गली मोहल्ले में पथ प्रकाश व्यवस्था की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि सोलर संयंत्र स्थापित करने का यह कार्य 70 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। जल्द ही ये गांव सोलर से रोशन होंगे। इस प्रोजेक्ट में प्रत्येक घरों में 05 लाईट, 01 साकेट की व्यवस्था की जाएगी जिससे ग्रामीणों को सौर संयंत्र के जरिए रात में भी प्रकाश की सुविधा मिलेगी। लाईट की व्यवस्था होने से ग्रामीण अपने घरों का काम रात में भी बिना किसी रूकावट के कर सकेंगें। अमूमन महिलाएं दिनभर घर के कामों में व्यस्त रहती हैं। प्रकाश की व्यवस्था होने से वे सिलाई-बुनाई सहित अन्य आय मूलक काम कर अपनी आय बढ़ा पाएंगी। बच्चे पढ़ाई-लिखाई का कार्य कर पाएंगे। स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था से रात में कीड़े-मकोड़े एवं जंगली जानवरों से निजात मिलेगी। ग्रामीण भयमुक्त होकर आवागमन कर सकेंगे।




उल्लेखनीय है कि जनमन योजना के तहत जिले में अधिकांश योजनाओं में सेचुरेशन लेवल हासिल कर लिया गया है। जनमन शिविरों के जरिए लगातार शासन की योजनाओं से पीव्हीटीजी समुदाय के लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। 696 लोगों के लिए पक्का मकान स्वीकृत किया गया है। मोबाईल मेडिकल यूनिट के जरिए 2560 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। पीवीटीजी बसाहटों में शत-प्रतिशत विद्युतीकरण कर लिया गया है। आदिवासी विकास विभाग द्वारा 2 बहु उद्देशीय केन्द्र बनाएं गए हैं। मोबाईल टावर भी स्थापित किया गया है। कौशल विकास विभाग द्वारा 40 लोगों का कौशल विकास किया गया। 6 हजार 222 लोगों का आधार कार्ड, 4 हजार 876 लोगों को आयुष्मान कार्ड एवं 2 हजार 645 लोगों को जाति प्रमाण पत्र दिया जा चुका है। पीएम किसान सम्माननिधि का लाभ 454 हितग्राहियों को मिला है। लक्षित शत प्रतिशत लोगों का राशन कार्ड बन चुका है। पीएम उज्जवला योजना के तहत 1 हजार 272 हितग्राही लाभान्वित हुए है। सुरक्षित मातृ अभियान, राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम, सिकलसेल मिशन, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम और समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित पेंशन योजना में सेचुरेशन लेवल हासिल कर लिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन दिवसीय श्रीहनुमंत कथा शुक्रवार से



**नवापारा राजिम।** स्थानीय नव तरंग युवा समिति एवं नवशक्ति बजरंग अखाड़ा के तत्वाधान मे तीन दिवसीय श्री हनुमंत कथा का आयोजन दिन शुक्रवार से रविवार 17 नवंबर तक स्थानीय शिक्षक कॉलोनी खोलिपारा में दोपहर 1:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित होगा. उक्त कथा के मुख्य कथा वाचक पंडित पदम पाण्डेय शास्त्री महाराज काली मंदिर वाले होंगे.

### जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

**बिलासपुर।** बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम दगौरी के शासकीय हाईस्कूल मैदान में 14 नवम्बर को आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। जनसमस्या निवारण शिविर की आगामी तिथि की सूचना पृथक से जारी की जाएगी।

### आंगनबाड़ी सहायिकाओं की भर्ती, आवेदन 27 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सकरी अंतर्गत आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। ग्राम निरतु के आंगनबाड़ी केन्द्र 05 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद हेतु आवेदन मंगाए गए हैं। इच्छुक आवेदिका 27 नवंबर तक आवेदन कर सकती है। आवेदन कार्यालयीन दिवस में बंद लिफाफे में सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से आमंत्रित किये गये हैं। रिक्त पदों की विस्तृत जानकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना सकरी कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा कर दिया गया है।

### दावा-आपत्ति निराकरण सूची जारी

**बिलासपुर।** जिला कार्यालय के विभिन्न पदों की भर्ती हेतु 1 जून 2023 में विज्ञापन जारी किया गया था, जिसमें आवेदन किये गये पत्रों का अवलोकन कर दावा एवं आपत्तियों का निराकरण किया गया है। आवेदक विभागीय वेबसाईट का अवलोकन कर सकते हैं।

# 21 वाहनों से वसूले गए 42 हजार रुपए शमन शुल्क

### परिवहन विभाग की कार्यवाही




**कवर्धा।** कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा लगातार यात्री बसों, स्कूल बसों, मालवाहक वाहनों का चेकिंग किया जा रहा है तथा परमिट शर्तों के उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्यवाही किया जा रहा है। कबीरधाम ज़िले के अंतर्गत परिवहन विभाग की टीम के द्वारा यात्री बस और ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट के बसों पर कार्यवाही की गई।

जिला परिवहन अधिकारी श्री मोहन साहू ने बताया कि परमिट शर्तों के उल्लंघन करते पाए जाने और अन्य उलंघन पर मोटर यान अधिनियम के तहत कुल 21 वाहनों पर 42 हजार रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही 02 वाहनों से 2.1 लाख रुपये का मोटर यान कर जमा कराया गया। बस संचालकों को परमिट शर्तों और नियमों का पालन करते हुए संचालन करने का निर्देश दिए गए है। यात्री बसों में यात्री किराया दर के संबंध में तथा किराए से छूट प्राप्त व्यक्तियों की जानकारी के संबंध में स्टीकर लगाया गया। शासन द्वारा दृष्टिहीन व्यक्ति, बौद्धिक दिव्यांग व्यक्ति, दोनों पैरो से चलने में असमर्थ दिव्यांग व्यक्ति, अस्सी वर्ष से ऊपर वरिष्ठ नागरिक और एचआईवी से पीड़ित व्यक्ति को एक परिचारक सहित शत-प्रतिशत किराए से छूट प्रदान किया गया है।

# भाजपा सरकार किसानों के घर 14 नवंबर से करेगी खुशियों की बारिश : स्वाधीन जैन



**डौंडी।** भाजपा नेता प्रदेश मीडिया प्रभारी स्वाधीन जैन ने अपने एक जारी बयान में कहा है कि जिले सहित छत्तीसगढ़ में इस वर्ष धान का विपुल उत्पादन देखा जा रहा है। इससे किसानों में प्रसन्नता व्याप्त है साथ ही भाजपा सरकार द्वारा एक मुस्त 3100 रुपए भुगतान किए जाने की घोषणा से भी खुशियों का ठिकाना नहीं रहा हैं। इतना ही नहीं ऐन धान खरीदी सीजन में समिति कर्मचारियों की हड़ताल खत्म होने से भी खुशी की लहर है। भाजपा नेता स्वाधीन जैन ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार किसानों की सदैव हितैषी रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के खाते में दो-दो हजार करके सालाना 6000 रुपये प्रदान करने से किसान पहले ही खुश है और यह राशि उनकी खेती की दशा सुधारने के लिए सहायक है। राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नीत भाजपा सरकार आगामी 14 नवंबर से सेवा सहकारी समितियां उनके उपार्जन केद्रों में 3100 रुपये क्विंटल के हिसाब से धान खरीदी करने जा रही है। यह राशि भी बहुत जल्द मिलेगी और किसान पुराना कर्ज छूट सकेंगे कर्ज नहीं है तो कोई बड़ा कृषि यंत्र ट्रैक्टर ट्राली रिपर हार्वेस्टर आदि खरीद सकेंगे। स्वाधीन ने कहा कि किसान भाई बहन इन दिनों हरुना और माई धान की फसल काट मिज कर घरों में सहेजकर रख रहे हैं।

# रायपुर दक्षिण उपचुनाव में 46.43 प्रतिशत हुई वोटिंग

### 23 नवंबर को आएगा परिणाम

**रायपुर.** रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में मतदान खत्म हो चुका है. निर्वाचन आयोग ने शाम 5 बजे तक के मतदान का आंकड़ा जारी किया है. इसके मुताबिक, दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में 46.43 प्रतिशत मतदान हुआ है. हालांकि यह अंतिम आंकड़ा नहीं है. चुनाव आयोग कल प्रेस कांफ्रेंस कर अंतिम आंकड़ा जारी करेगा. बता दें कि 2023 विधानसभा चुनाव के मुकाबले इस बार करीब 10 प्रतिशत कम मतदान हुआ है. 2023 के विधानसभा चुनाव में रायपुर दक्षिण में 60.20 प्रतिशत मतदान हुआ था. वहीं 2018 के विधानसभा चुनाव में 61.70 प्रतिशत मतदान हुआ था.

बता दें कि रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए आज मतदान हुआ, जिसका परिणाम 23 नवंबर को जारी किया जाएगा. इस उपचुनाव में 30 प्रत्याशी मैदान में हैं. इन सभी के भाग्य का किस्मत ईवीएम में कैद हो चुका है. रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन क्षेत्र में स्थित कार्यालयों में मतदान के लिए सार्वजनिक अवकाश और सामान्य अवकाश की घोषणा की थी.

# अबूझमाड़ ईलाके में दिख रहा बस्तर ओलंपिक का उत्साह

**रायपुर।** बस्तर संभाग के सभी जिलों में इन दिनों बस्तर ओलिंपिक का आयोजन हो रहा है। अबूझमाड़ जैसे बेहद पिछड़े ईलाके में भी बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक बस्तर ओलंपिक में हिस्सा ले रहे है। बस्तर ओलंपिक के शुभंकर मस्कट वनभैंसा और पहाड़ी मैना सबच्चें, युवा और आम नागरिक को आकर्षित हो रहे है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की विशेष पहल पर बस्तर संभाग में बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य राज्य के जनजातीय बहुल क्षेत्रों के खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को निखारना है और उन्हें रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। मुख्यमंत्री श्री साय ने बस्तर अंचल के लोगों से इन खेल प्रतियोगिताओं में अधिक



से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि राज्य में खेल और खिलाड़ियों को लगातार प्रोत्साहन दिया जा रहा है और बस्तर अंचल में नई खेल अधोसंरचनाएं विकसित की जा रही है। बस्तर ओलंपिक के आयोजन के तहत प्रथम चरण में 6 नवम्बर से 16 नवम्बर तक विकासखण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। दूसरे चरण में 19 नवम्बर से 26 नवम्बर तक जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। इसके बाद अंतिम चरण में संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। बस्तर ओलंपिक में युवा खो-खो, कब्बडी, बालीबाल, ऊंची कूद, तवाफेक, फुटबाल, गोलाफेक, तीरदांजी, बैडमिन्टन जैसे खेलों का आयोजन किया जा रहा है।

बस्तर ओलंपिक में ऐसे खेल शामिल किए गए है जिसे ग्रामीणजन हमेशा से गांवों में खेलते आएं है। ग्रामीण परिवेश से जुड़े खेल होने के कारण बिना किसी हिचक के इन खेलों में उत्साह के साथ शामिल हो रहे है। इन आयोजनों में स्कूली बच्चों, ग्रामीण महिलाओं और बुजुर्गो को भी आनंद मिल रहा है। विशेषकर बुजुर्गो को अपने स्कूली जीवन और बचपन की याद ताजा हो रही है।

# आज से शुरू होगा धान खरीदी का सबसे बड़ा अभियान, तैयारियां पूर्ण

## कलेक्टर ने अधिकारियों को दी हिदायत, धान बेचने में नहीं होनी चाहिए किसानों को दिक्कत



**बिलासपुर ( दैनंदिनी )।** राज्य शासन की मंशा के अनुरूप जिले में 14 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान का सबसे बड़ा अभियान शुरू हो रहा है। किसान हित में राज्य सरकार का लगभग ढाई महीने तक चलने वाला यह सबसे बड़ा अभियान होगा। खरीदी 14 नवम्बर से शुरू होकर 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। धान खरीदी केन्द्रों से लेकर जिला कार्यालयों तक खरीदी से जुड़ी तमाम प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के निर्देशानुसार किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। कलेक्टर श्री अवनीश शरण ने धान खरीदी से जुड़े सभी अधिकारियों को हिदायत दी है। उन्होंने कहा है कि खरीदी कार्य से जुड़ी हर स्तर की समस्या का तत्काल समाधान निकाला जाये। किसानों को किसी भी स्तर पर परेशानी नहीं होनी चाहिए। 140 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी होगी। किसानों में धान खरीदी को लेकर उत्साह का माहौल है। धान खरीदी केन्द्रों पर गड़बड़ी रोकन के लिए सीसीटीव्ही कैमरों से निगरानी रखी जाएगी। प्रत्येक केन्द्र पर 2-2 कैमरे लगाए जाएंगे, इसके साथ ही धान संग्रहण केन्द्रों और राईस मिल परिसरों में भी कैमरे इंस्टॉल किये जाएंगे। तौल में गड़बड़ी की आशंका को दूर रखने के लिए इलेक्ट्रॉनिक कार्ड बांट का उपयोग किया जाएगा। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि जिले में इस साल धान बेचने के लिए 1 लाख 37 हजार किसानों ने पंजीयन कराये है। जिले में धान खरीदी का अनुमानित लक्ष्य 7.80 लाख मीटरिक टन निर्धारित किया गया है। धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जायेगी। किसानों से 3100 रू. प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जाएगी।

धान खरीदी प्रति सप्ताह सोमवार से शुक्रवार तक की जाएगी। शासकीय अवकाश के दिन खरीदी बंद रहेगी। धान में 17 प्रतिशत से ज्यादा नमीं नहीं होनी चाहिए। किसानों को अपना धान सुखाकर एवं अच्छी तरह से साफ करने बेचने लाने का अनुरोध किया गया है। केवल पंजीकृत किसानों से उन्हें जारी टोकन के अनुसार धान खरीदा जाएगा। खरीदी केन्द्रों पर साफ-सफाई के साथ ही कम्प्यूटर, इन्टरनेट, आद्रतामापी, कांटा-बांट, रंग एवं सुतली, कर्मचारी एवं हमाल, चबूतरा, तारपोलिन की व्यवस्था, डनेज, संग्रहण केन्द्रों की दूरी, प्राथमिक उपचार पेटी, किसानों के लिए पानी एवं छाया, एफएक्यू का प्रदर्शन की तैयारी पूर्ण कर प्रतिवेदन जिला कार्यालय को प्राप्त हो गया है।

# गोपाल गौशाला में धूमधाम से मनाया गया गोपाष्टमी पर्व



**नवापारा राजिम।** नगर का श्री गोपाल गौशाला जो कि 100 वर्ष प्राचीन गौशाला है।गौशाला के अंदर हनुमानजी का मंदिर है।यहाँ शासन एवम नगर वासियों के सहयोग से गौशाला का संचालन किया जा रहा है। गौशाला समिति के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल, सचिव राजू काबरा ने संयुक्त रूप से बताया कि श्री गोपाल गौशाला में कुल 421 गौवंश है,प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गोपाष्टमी पर्व पर पूरे गौशाला परिसर की गोबर से लिपाई पुताई कर गोपाष्टमी पर्व के लिएझालर लाइट से आकर्षक ढंग से सजाया गया। सुबह सबसे पहले हनुमानजी को सिंदूर का चोला चढ़ाया गया वहीं झंडी,पूजन के पश्चात भगवान सत्यनारायण की कथा संपन्न हुई। इस वर्ष तर्री वाले पंडित सतोष शर्मा पूजा करवाया गया जिसमें भूपेंद्र सुनीता साहू कथा यजमान थे। इसके पश्चात सहाड़ा देव की पूजन के पश्चात यादव समाज द्वारा गायों का पूजन कर बाजे गाजे के बीच सोहाई बांधी गई एवम राउत दोहा गाया गया। यह दृश्य अद्भुत अलौकिक था,इसके पश्चात गौ माता को खिचड़ी खिलाई गई।सुबह से नगरवासी गायो का पूजन करने पहुंचते रहे किसी ने रोटी,गुड़,भीगे चने,हरि सब्जी,केला , खिलाया तो किसी ने हरा चारा। कार्यक्रम मे आये हुवे सभी गौ भक्तों के लिए पोहा,हलवा, चाय की व्यवस्था रखी गई ,दोपहर भोजन महा प्रसादी रखा गया। गोपाल गौशाला संस्था के संरक्षक मनमोहन अग्रवाल,उपाध्यछ चंदू कंसारी,कोषाध्यछ नंन्दकिशोर राठी के अलावा कार्यकारिणी में नगर के सभी समाज के लोग हैं। गौशाला की सुचारू व्यवस्था बनाये रखने में सुन्दरसिंग ठाकुर लगे रहते है। गोपाल गौशाला समिति ने गोपाष्टमी पर्व पर सभी गौ भक्तों को बधाई दी।

## आप-हम सरीखी गाजर-मूलियों की तो बिसात ही क्या!

### संपादकीय

इस साल 4 जून के बाद बेतरह लडखड़ा गई नरेंद्र भाई की देहभाषा को 8 अक्टूबर को थोड़ा सहारा मिल गया था। मगर अब अमेरिका में ट्रंप की जीत के बाद वे फिर एकदम अपने पूरे शबाब पर आ गए हैं। उन से भी ज्यादा फूले-फूले वे हिंदुत्ववादी घूम रहे हैं, जिन्हें लग रहा है कि अब तो सैंया संसार के कोतवाल हो गए है तो डर काहे का? अब महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव में वे अपने पुराने से भी ज्यादा मारक-घातक अंदाज में अवतरित हो गए हैं। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुब्रह्मण्यन स्वामी भले ही दावा कर रहे हैं कि जब हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने डॉनल्ड ट्रंप की जीत के बाद पुलकित हो कर उन्हें बधाई देने को फोन किया तो ट्रंप से उन की बात नहीं हो पाई। फोन उठाने वाले ने कह दिया कि वे नवनिर्वाचित राष्ट्रपति को बता देंगे कि मुबारकबाद देने के लिए आप का फोन आया था। स्वामी का यह भी कहना है कि ट्रंप को मिले बधाई संदेशों के बारे में उन के दफतर की तरफ से जारी सूची में भारत के प्रधानमंत्री का नाम नहीं है। लेकिन मुझे स्वामी का यह दावा सही कम, उन के बड़बोले व्यक्तित्व का हिस्सा ज्यादा लगता है। इसलिए मैं स्वामी के बजाय नरेंद्र भाई की, 6 नवंबर की रात 10 बज कर 28 मिनट पर, देशवासियों को बताई इस बात पर अटूट विश्वास कर रहा हूं कि मेरी अपने दोस्त राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप से बहुत ही अच्छी बातचीत हुई। मैं ने उन्हें उन की शानदार जीत पर बधाई दी और कहा कि मैं आप के साथ एक बार फिर तकनालॉजी, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष और बहुत-से अन्य क्षेत्रों में भारत-अमेरिकी संबंधों को सुदृढ़ बनाने के लिए हिल-मिल कर काम करने की प्रतीक्षा कर रहा हूं। मैं यह मान ही नहीं सकता कि अपने जिस दोस्त के लिए जुलाई 2020 में नरेंद्र भाई अब की बार, ट्रंप सरकारइ का नारा लगाने अमेरिका गए थे, वह नरेंद्र भाई का फोन जाए और उन से बात न करे। ट्रंप कितने ही उद्दंड हों, वे इतने अशिष्ट हो ही नहीं सकते झ खासकर नरेंद्र मोदी के साथ। इस साल 4 जून के बाद बेतरह लडखड़ा गई नरेंद्र भाई की देहभाषा को 8 अक्टूबर को थोड़ा सहारा मिल गया था। मगर अब अमेरिका में ट्रंप की जीत के बाद वे फिर एकदम अपने पूरे शबाब पर आ गए हैं। उन से भी ज्यादा फूले-फूले वे हिंदुत्ववादी घूम रहे हैं, जिन्हें लग रहा है कि अब तो सैंया संसार के कोतवाल हो गए है तो डर काहे का? हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनावों के प्रचार में नरेंद्र भाई मेहंदी लगे पैरों से फूंक-फूंक कर डग भरते दिखाई दे रहे थे। मगर अब महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव में वे अपने पुराने से भी ज्यादा मारक-घातक अंदाज में अवतरित हो गए हैं। मैं ने महाराष्ट्र की कुछ चुनावी-सभाओं में उन्हें बोलते सुना। वे शब्दों की ऐसी लाठी भांज रहे हैं, जो तथ्यों को भले ही सरेआम ठेंगा दिखा रही हो, मगर हवा में जिस की सांय-सांय काफी तेज सुनाई दे रही है।

नरेंद्र भाई को मालूम है कि महाराष्ट्र के आदिवासी उन के साथ नहीं हैं। राज्य में आदिवासियों के लिए आरक्षित चारों लोकसभा सीटें 2019 में भारतीय जनता पार्टी ने जीती थीं। लेकिन 2024 में उन में से एक ही भाजपा जीत पाई। इसलिए अपनी चुनावी सभाओं में वे जोरशोर से बता रहे हैं कि आदिवासियों के लिए केंद्र की सरकार ने कितने काम किए हैं। मगर इस के फौरन बाद नरेंद्र भाई अपने पसंदीदा विषय पर छलांग लगा देते हैं और राष्ट्रपति के चुनाव में आदिवासी प्रत्याशी द्रोपदी मुर्मू को हराने के लिए कांग्रेस की भूमिका का अनाप-शनाप जिक्र करने लगते हैं। वे कहते हैं कि कांग्रेस ने आदिवासियों के लिए कभी कुछ नहीं किया और कांग्रेस तो आदिवासियों को आगे बढ़ते देख ही नहीं सकती। अब जिन्हें यह मानना हो, मान लें कि भारत में आदिवासी कल्याण के सभी कार्यक्रम मई-2014 के बाद ही शुरू हुए हैं।

नरेंद्र भाई को यह भी मालूम है कि दलित वोट देश भर में भाजपा से खिसक रहा है। इसलिए अपनी ताजा जनसभाओं में वे दूसरा काम कर रहे हैं लोगों के दिमागों में यह बात बैठाने का कि जवाहरलाल नेहरू ने बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को चुनाव हराने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी। वे कहते हैं कि नेहरू तो दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों को आरक्षण नहीं देने पर अड़े हुए थे। बाबा साहब ने बड़ी मुष्किल से आरक्षण दिलाया। जब इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनीं तो उन्होंने भी आरक्षण के खिलाफ यही रवैया जारी रखा। अब इतिहास भले ही इन सारी बातों की उलट-गवाही देता हो, चुनाव हैं तो नरेंद्र भाई की तोड़-मरोड़ को कोई क्या खा कर रोक सकता है? निर्वाचन आयोग तो नरेंद्र भाई के कुतर्कों की बौछारों से पिछले कई वर्षों में इतना भीग चुका है कि उस ने भीगी बिल्ली मुद्रा अख़्तियार कर ली है।

## अंग्रेजों के विरुद्ध क्रांति 'उलगुलान' के जनक बिरसा मुंडा

**विजय मिश्रा 'अमित'**



सभ्यता और संस्कृति की दृष्टि से विश्व मानचित्र पर जगमगाता हुआ देश भारत आदिम जाति बाहुल्य देश है। यहां विविध आदिम जातियों की जनसंख्या दस करोड़ से अधिक है। भारत की कुल जनसंख्या की 8.4 प्रतिशत आबादी आदिम जातियों की है। भारत का हृदय प्रांत छत्तीसगढ़ भी आदिवासी बाहुल्य राज्य है।यहां 43 अनुसूचित जनजातियां एवं उनके 162उपसमूह निवासरत हैं। छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जनजातियों का प्रतिशत 30.62 है। जनजातीयों का गौरवशाली इतिहास बताता है कि प्राचीन काल से इस समुदाय ने मां भारती की सुरक्षा में अपना तन- मन- धन सदैव न्योछावर किया है। इस बात के प्रबल साक्षी आदिवासियों के जननायक भगवान बिरसा मुंडा हैं । ब्रिटिश हुकूमत से भारत को स्वतंत्रता दिलाने में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान, शौर्य,त्याग और बलिदान की गाथा को बिरसा मुंडा के जीवन का एक एक पल व्यक्त करता है। भारत के गौरव ऐसे आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने के लिए वर्ष 2021 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 15 नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' मनाने की घोषणा की गई, जो कि भगवान बिरसा मुंडा का जन्म दिवस है।आदिम जनजाति समुदाय के सबसे बड़े उद्धारक महानायक बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को रांची जिला बंगाल प्रेसीडेंसी के उलिहातु ग्राम में हुआ था, जो कि अब नवगठित राज्य झारखंड के खूंटी जिला में स्थित है। बिरसा मुंडा ने छोटी उम्र में ब्रिटिश हुकूमत सहित शोषक जमींदारों के खिलाफ बड़े बगावत को अंजाम दिया था।आदिवासियों की गरीबी,अज्ञानता, भोलेपन का लाभ उठाने वाले मिशनरियों के विरुद्ध महाविद्रोह छेड़ दिया था ।मिशनरियों द्वारा भोले भाले आदिवासियों को बरगलाते धर्मांतरण का पाठ पढ़ाया जा रहा था। यह सब देखकर विचलित बिरसा मुंडा ने आदिवासियों के भीतर जन जागरण का



सफल अभियान चलाया। जिससे प्रभावित होकर आदिवासी समुदाय उन्हें 'धरती आबा अर्थात धरती के पिता' के नाम से पूजने लगा। आदिवासी पुनरुत्थान के महानायक बिरसा मुंडा को भगवान का दर्जा प्राप्त होना अंग्रेजों को खटकने लगा। मिशनरियों के धर्मांतरण के मार्ग पर बिरसा मुंडा सबसे बड़े बाधक बन गए थे। तब षडयंत्र पूर्वक अंग्रेजों ने बिरसा मुंडा को बंदी बना लिया ,यद्यपि उनके विरुद्ध कोई ठोस प्रकरण अंग्रेज नहीं बना पाए। दोष मुक्त होकर उनके कारावास से छूटने और पुनः आंदोलन करने का भय अंग्रेजों के भीतर भरा हुआ था। ऐसी स्थिति में बंदीगृह में बिरसा मुंडा की संदेहास्पद मृत्यु 9 जून 1900 को हो गई।उनकी मृत्यु को लेकर इतिहासकारों के अलग-अलग मत हैं।

करीब 25 वर्ष की अल्पायु में बिरसा मुंडा ने आदिवासी पुनरुत्थान के लिए जो कार्य किया उससे वह अजर अमर हो गए। महान क्रांतिकारी बिरसा मुंडा द्वारा ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ चलाए गए क्रांति को 'उलगुलान' नाम दिया गया था। उलगुलान अर्थात महा विद्रोह 1895 से लेकर 1900 तक चला था।उनके संघर्षों का ही सुफल रहा कि 1908 में एक कानून बना,जिसके तहत आदिवासियों की जमीन को गैर आदिवासियों के नाम नहीं किया जा सकता। वह कानून आज भी लागू है। आज भी उड़ीसा, झारखंड, बिहार,मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों के आदिवासी अंचलों में बिरसा मुंडा भगवान की तरह पूजे जाते हैं।

भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती ह्लजनजातीय गौरव दिवसह्व के उपलक्ष्य में 14 एवं 15 नवंबर को राजधानी रायपुर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 नवंबर को जमुई बिहार से वर्चुअल रूप से जुड़कर इस समारोह का शुभारंभ करेंगे और पीएम जनमन योजना में शामिल जिलों के हितग्राहियों से चर्चा भी करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के सभी जिला मुख्यालयों में भी एक दिवसीय गौरव दिवस का आयोजन किया जाना है। सरकार का यह निर्णय जनजातीय सेनानियों के सम्मान, जनजाति संस्कृति का संरक्षण, संवर्धन तथा जनजाति जीवन शैली को शहरी नागरिकों को जानने का बृहद अवसर प्रदान करेगा। साथ ही छनकर आएगी यह बात ₹असभ्य कहता तुझको सभ्य संसार है, उसे मालूम नहीं तू ही उसका सच्चा पालनहार है₹।

छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार आयोजित भगवान बिरसा मुंडा के भव्य जन्मोत्सव पर देश के 18 राज्यों के 22 आदिवासी नर्तकों का दल नयनाभिराम नृत्यों की प्रस्तुतियां देगा। साइंस कॉलेज रायपुर के मैदान में प्रतिदिन पूर्वाह्न 11 बजे से लेकर रात्रि 8 बजे तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा।जिसमें आदिवासी कला संस्कृति के मर्मज्ञ शामिल होंगे। 'अबुआ दिशुम अबुआ राज' अर्थात अपना देश अपना राज की अलख जगाने वाले जनजाति अमर शहीद बिरसा मुंडा के साथ ही छत्तीसगढ़ के महान शहीद वीर नारायण सिंह, गेंदा सिंह, गुंडा धुर, भैरम देव, इंदरू केवट आदि को सादर नमन।

## गंगा का मैल सख्ती व जवाबदेही से ही दूर होगा

**ललित गर्ग**

कुंभ मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और अखाड़ों की सक्रियता बढ़ गई है। महाकुंभ को लेकर देश ही नहीं विदेश में भी खूब चर्चा होती है। यदि गंगाजल की गुणवत्ता को लेकर ऐसे ही सवाल उठते रहे तो देश-दुनिया में अच्छा संदेश नहीं जाएगा।

गंगा की सफाई, उसे प्रदूषण मुक्त करने एवं नदियों के माध्यम से आर्थिक विकास, धार्मिक आस्था एवं पर्यटन की संभावनाओं को तलाशने की दृष्टि से वर्तमान उत्तरप्रदेश सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तमाम प्रयासों के बावजूद गंगा आज भी मैली क्यों है? यह सवाल सरकार के नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए लंबे समय से चल रही तमाम योजनाओं और कार्यक्रमों की पोल खोलते हैं। सरकार की ओर से घोषणाएं करने में शायद ही कभी कमी की जाती है, मगर उन पर अमल को लेकर कहां चूक या लापरवाही बरती जा रही है, इस पर गौर करना कभी जरूरी नहीं समझा जाता। यह गौर करना राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण की उस टिप्पणी के कारण भी जरूरी हो गया है, जिसमें कहा गया है कि प्रयागराज में गंगा का पानी इतना प्रदूषित हो गया है कि वह आचमन करने लायक भी नहीं रह गया है। एनजीटी का यह खुलासा इसलिये भी चिंता बढ़ाने वाला है क्योंकि कुछ ही माह बाद यानी जनवरी 2025 की पौष पूर्णिमा से प्रयागराज में महाकुंभ की शुरूआत होने वाली है। कुंभ मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और अखाड़ों की सक्रियता बढ़ गई है। महाकुंभ को लेकर देश ही नहीं विदेश में भी खूब चर्चा होती है। यदि गंगाजल की गुणवत्ता को लेकर ऐसे ही सवाल उठते रहे तो देश-दुनिया में अच्छा संदेश नहीं जाएगा। सवाल इस बात को लेकर भी उठेंगे कि विभिन्न सरकारों द्वारा शुरू की गई अनेक महत्वाकांक्षी व भारी-भरकम योजनाओं के बावजूद गंगा को साफ करने में हम सफल क्यों नहीं हो पाए हैं। आखिर कौन है गंगा को प्रदूषित करने के गुनहगार? सरकारों को यह समझना होगा कि उसे केवल गंगा को साफ ही नहीं करना, बल्कि उसकी निर्मलता एवं अविरलता के लिये एक अनूठा उदाहरण भी पेश करना है। ऐसा करके ही देश की अन्य नदियों को भी प्रदूषणमुक्त करने की दिशा में सकारात्मक वातावरण निर्मित किया जा सकेगा। यह जानकारी भी सामने आई कि उत्तरकाशी में सुरंग के निर्माण के कारण ढेर बने मलबे एवं कचरे को गंगा नदी के किनारे डाल दिया गया। औद्योगिक कारखानों का जहरीला कचरा ही नहीं बल्कि सरकार की अन्य विकास योजनाएं ही गंगा को प्रदूषित करने का जरिया बन रही है, जो अधिक शर्मनाक एवं चिन्ताजनक है। गंगा नदी एवं अन्य नदियों में उद्योगों से विभिन्न रसायन, चीनी मिल, भट्टी, ग्लिस्रिन, टिन, पेंट, साबुन, कताई, रेयान, सिल्क, सूत, प्लास्टिक थेलियां-बोतले आदि जहरीला कचरा बड़ी मात्रा में सरकार की चेतावनियों के बावजूद मिल रहा है। गंगा कायाकल्प का दृष्टिकोण ह्यअविरल धाराह्ल (सतत प्रवाह), ह्यनिर्मल धाराह्ल (प्रदूषणरहित प्रवाह) को प्राप्त करके और भूगर्भीय और पारिस्थितिक अखंडता को सुनिश्चित करके नदी की अखंडता को बहाल करने की समग्र योजना



और रखरखाव के बावजूद गंगा लगातार प्रदूषित हो रही है। जबकि सरकार क्रॉस-सेक्टोरल सहयोग को प्रोत्साहित करने वाली नदी बेसिन रणनीति को लागू करके गंगा नदी के प्रदूषण को समाप्त करने और पुनरोद्धार को सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रही है। यह पानी की गुणवत्ता और पारिस्थितिक रूप से जिम्मेदार विकास को बनाए रखने की दृष्टि से गंगा नदी में न्यूनतम जैविक प्रवाह भी सुनिश्चित करता है। वर्ष 2014 से गंगा की सफाई का महत्वाकांक्षी अभियान ह्यनमामि गंगेह्ल में अब तक करीब चालीस हजार करोड़ की लागत से गंगा की सफाई की करीब साढ़े चार सौ से अधिक परियोजनाएं आरंभ भी की गई हैं। इस परियोजना के अंतर्गत गंगा के किनारे स्थित शहरों में सीवर व्यवस्था को दुरुस्त करने, उद्योगों द्वारा बहाये जा रहे अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण के लिये शोधन संयंत्र लगाने, गंगा तटों पर वृक्षारोपण, जैव विविधता को बचाने, गंगा घाटों की सफाई के लिये काफी काम तो हुआ लेकिन अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आए हैं। जो हमें बताता है कि जब तक समाज में जागरूकता नहीं आएगी और नागरिक अपनी जिम्मेदारी का अहसास नहीं करेंगे, गंगा मैली ही रह जाएगी। अधिकारियों की लापरवाही या फिर गड़बड़ियों की वजह से किसी बड़ी और बेहद महत्वपूर्ण पहलकदमी का भी हासिल शून्य कैसे हो सकता है, इसका उदाहरण गंगा का प्रदूषण है। दरअसल, लगातार बढ़ती जनसंख्या का दबाव और गंगा तट पर स्थित शहरों में योजनाबद्ध ढंग से जल निकासी व सीवरेज व्यवस्था को अंजाम न दिये जाने से समस्या विकट हुई है। गंगा को साफ करने के लिये जरूरी है कि स्वच्छता अभियान एक निरंतर प्रक्रिया हो। एक बार की सफाई निष्प्रभावी हो जाएगी यदि हम प्रदूषण के कारकों को जड़ से समाप्त नहीं करते। इसके लिये गंगा के तट वाले राज्यों में पर्याप्त जलशोधन संयंत्र युद्ध स्तर पर लगाए जाने चाहिए। साथ ही गंगा सफाई अभियान की नियमित निगरानी होनी चाहिए। इसमें आधुनिक तकनीक का भी सहारा लिया जाना चाहिए। लोगों को बताया जाना चाहिए कि गंगा सिर्फ नदी नहीं है यह खाद्य श्रृंखला को संबल देने वाली तथा हमारी आध्यात्मिक यात्रा से भी जुड़ी है। गंगा में जहरीला कचरा बहाने वाले उद्योगों पर भी आर्थिक दंड लगाना चाहिए। इसी से यह उम्मीद की जा सकती है कि इसके जरिए मानव सभ्यता के लिए एक बेहद जरूरी नदी में फिर से जीवन भर सकेगा। वास्तव में गंगा एक संपूर्ण संस्कृति की वाहक रही है, जिसने विभिन्न साम्राज्यों का उत्थान-पतन देखा, किंतु गंगा का महत्व कम न हुआ। आधुनिक शोधों से यह भी प्रमाणित हो चुका है कि गंगा की तलहटी में ही उसके जल के अद्भुत और चमत्कारी होने के कारण मौजूद है। यद्यपि औद्योगिक विकास ने गंगा की गुणवत्ता को दूषित किया है, किन्तु उसका महत्व यथावत है। उसका महात्म्य आज भी सर्वोपरि है। गंगा स्वयं में संपूर्ण संस्कृति है, संपूर्ण तीर्थ है, उन्नत एवं समृद्ध जीवन का आधार है, जिसका एक गौरवशाली इतिहास रहा है। ह्यनमामि गंगेह्ल परियोजना व स्वच्छ गंगा हेतु राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत प्रदेश में गंगा किनारे के 1,604 गांवों में 3,88,340 शौचालयों का निर्माण करवाकर उन्हें खुले में शौच से मुक्त गांव घोषित किया गया और नदी किनारे एक करोड़ 30 लाख पौधों का रोपण किया गया। गंगा को निर्मल बनाने के लिए घाट, मोक्षधाम, बायो डायवर्सिटी आदि से जुड़े 245 प्रोजेक्ट पर तेजी से काम हो रहा है। गंगा की 40 सहायक नदियों में प्रदूषित जल का प्रवेश रोकने के लिए दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार में 170 परियोजनाओं पर काम चल है। एक और राहत की खबर जो उम्मीद की किरण बन कर सामने आयी है कि गंगा में विषाक्त कचरा उड़ेलने वाली औद्योगिक इकाइयों में कमी आ रही हैं। सरकार के प्रयासों से गंगा के तटों का सौन्दर्यकरण भी बड़े पैमाने पर किया जा रहा है, जिससे पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा। मोदी सरकार ने एक सराहनीय पहल करके स्वच्छ गंगा कोष की स्थापना की है, जिसमें स्थानीय नागरिक व भारतीय मूल के विदेशी व्यक्ति और संस्थाएं आर्थिक, तकनीकी व अन्य सहयोग कर सकते हैं। स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें मिली विभिन्न भेंटों व स्मृति चिह्नों की नीलामी से प्राप्त 16 करोड़ 53 लाख रुपये की राशि इसी कोष में दी है। यह खबर आई थी कि सरकार 2022 तक गंगा नदी में गंदे नालों के पानी को गिराने से पूरी तरह रोक देगी और इस मसले पर एक मिशन की तरह काम चल रहा है। लेकिन ताजा स्थितियां एवं गंगा का प्रदूषण बताता है कि इस नदी के निर्मलीकरण के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं की उपलब्धि वास्तव में कितनी है? नीतियों और योजनाओं के बरक्स उन पर अमल की यह तस्वीर राजनीति इच्छाशक्ति एवं प्रशासनिक लापरवाही को ही दशार्ती है।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए प्रॉपर्टी से संबंधित मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर अपने भाइयों से सलाह लेनी पड़ सकती है। कोई कानूनी मामला यदि लंबे समय से आपको परेशान कर रहा था, तो उसमें भी आपको थोड़ी समझदारी दिखानी होगी। किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेना होगा। बिजनेस में आप कुछ नई योजनाओं की शुरूआत कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। आप तरक्की की राह पर आगे बढ़ेंगे।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए एक नई ऊर्जा लेकर आने वाला है। आप अपने जीवनसाथी को शॉपिंग पर लेकर जा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको योग्यता अनुसार काम मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। प्रॉपर्टी से संबंधित किसी काम को लेकर यदि कोई अनबन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। यदि आपको किसी काम को लेकर चिंता बनी हुई थी, तो वह भी दूर हो सकती है। आपको संतान के विवाह में आ रही समस्या को लेकर वरिष्ठ सदस्यों से बातचीत करनी होगी। जीवनसाथी का सहयोग आपको आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपको अपने घरेलू मामलों में भी थोड़ा सोच समझकर बोलने की आवश्यकता है। आपका कोई मित्र आपसे मिलने आ सकता है।

कर्क- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने रखरखाव पर पूरा ध्यान देंगे। आपको अपने महत्वपूर्ण कामों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। बिजनेस कर रहे लोग यदि किसी से पार्टनरशिप करेंगे, तो वह भी अच्छी रहेगी। आप अपने घर की साफ सफाई व रखरखाव आदि पर भी पूरा ध्यान देंगे। यदि आपके घर में कुछ टूट फूट आदि हो गई थी, उसकी भी मरम्मत करा सकते हैं। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। क्योंकि उनके साथी की उनके साथ बॉन्डिंग अच्छी रहेगी। आप किसी काम को लेकर जल्दबाजी दिखाएंगे, तो उसमें आपसे गड़बड़ी होने की संभावना है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए समस्याओं भरा रहने वाला है। आपके ऊपर जिम्मेदारियां अधिक रहने से आप परेशान रहेंगे। आपके ऊपर काम का बोझ अधिक रहेगा। किसी विपरीत परिस्थिति में भी आपको धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता है। नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने कामों को कल पर टालने से बचना होगा। आप किसी नए बिजनेस की ओर कदम बढ़ा सकते हैं। आपको किसी नए मकान और दुकान आदि की खरीदारी करना अच्छा रहेगा। आप किसी काम को लेकर यात्रा पर जा सकते हैं।

कन्या- आज का दिन आपके लिए मन मुताबिक लाभ दिलाने वाला रहेगा। आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे, जो युवा काम को लेकर इधर-उधर भटक रहे हैं, उन्हे कोई अच्छी खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को किसी स्कीम में अच्छा धन हाथ लग सकता हैं। आपकी सेहत में लापरवाही करना आपको नुकसान देगा। आपको काम को लेकर व्यस्तता अधिक रहेगी। आपको कुछ अजनबी लोगों से दूरी बनाकर रखना बेहतर रहेगा। संतान की तरक्की में आ रही बाधाएं दूर होगी।

तुला- आज का दिन आपके लिए सुखद परिणाम लेकर आएगा, तो उन्हें भी आप बातचीत के जरिए दूर करेंगे। दूसरों के मामले में आप ज्यादा ना बोलें। आपके सामने कोई बेवजह की मुसीबत खड़ी हो सकती है। विद्यार्थी किसी खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जिसमें उन्हें जीत मिलने की संभावना है। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है। आपके किसी प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो सकता है। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं। बिजनेस में आपको कुछ नए लोगों से मिलने का मौका मिलेगा। आपके परिवार में बड़े सदस्यों का प्रवेश भरपूर मात्रा में मिलेगा, लेकिन आपको अपने कामों को लेकर लापरवाही करने से बचना होगा। व्यावसायिक गतिविधियों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय यदि लंबे समय से अटका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है।

धनु- आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आप अपने विचारों से कार्यक्षेत्र में यदि कोई वाद-विवाद की स्थिति पैदा होगी, तो उसे भी सामान्य बनाने में कामयाब रहेंगे। व्यवसाय में स्थितियां पहले से बेहतर रहेंगी। आपकी आय में वृद्धि होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपने काम को लेकर बजट बनाकर चलने की आवश्यकता है। आपको कुछ खास व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। वैवाहिक जीवन में यदि कुछ समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर हो सकती है।

मकर- आज का दिन आपके लिए कुछ उलझनों से भरा रहने वाला है। यदि आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें। आपको धैर्य और साहस दिखाते हुए अपने कामों को पूरा करना होगा। भाई बहनों से आपको खूब पटेगी और आप किसी काम को लेकर लापरवाही ना दिखाएं। आपको मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आपको अपने पारिवारिक रिश्तों को संभालकर चलने की आवश्यकता है। आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा। आप कामों को लेकर योजना बनाकर चलेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए आध्यात्म के कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। कोई सरकारी काम यदि लंबे समय से अटका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपकी कार्य क्षमता बेहतर रहेगी और आपको यदि कोई चुनौती का सामना करना पड़ेगा, तो वह भी आप आसानी से कर सकेंगे। बिजनेस की दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। संतान कोई पुरस्कार लेकर आ सकती है।

मीन- मीन राशि के जातकों के लिए आज का दिन मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपको अपनी दिनचर्या को बेहतर बनाए रखने की आवश्यकता है। यदि कोई धन संबंधित समस्या आपको लंबे समय से घेरे हुए थी तो उसके लिए आप परिवार में बड़े सदस्यों के साथ मिल बैठकर बातचीत करें। आपको अपने मन में नकारात्मक विचारों को लाने से बचना होगा। बिजनेस में भी आपकी साख चारों तरफ फैलेगी। आपको अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए किसी अनुभवी व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है।

## योगी आदित्यनाथ सपा प्रमुख के खिलाफ ऐसे बुन रहे हैं सियासी जाल

**अजय कुमार**

सपा के पीडीए के नारे की अपने हिसाब से व्याख्या करते हुए योगी पीडीए का अर्थ है ह्यप्रोडक्शन हाउस ऑफ दंगाई एंड अपराधीह्ल बताते हैं। वह कहते हैं कि अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी, खान मुबारक सपा के इसी प्रोडक्शन हाउस की उपज थे। भारतीय जनता पार्टी के नेता और खासकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आजकल समाजवादी पार्टी को हिंदुत्व के नाम पर तो घेर ही रहे हैं इसके अलावा अखिलेश राज में फैली अराजकता, जंगलराज, उनके कार्यकाल में हुए दंगों की भी याद जनता को दिला रहे हैं। यह कहा जा सकता है कि अखिलेश को चौतरफा घेरने की तैयारी चल रही है ।हरियाणा वाला जादू यूपी में चल गया तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव के लिये आगे की सियासी राह मुश्किल हो जायेगी। उप चुनाव में बीजेपी और योगी की यह रणनीति सफल रही तो इसका उप चुनाव में तो पार्टी को फायदा होगा ही 2027 में होने वाले यूपी विधान सभा चुनाव के लिये भी इसे आगे बढ़ाया जा सकता है। दरअसल, योगी और अन्य बीजेपी के नेता उप चुनाव को 2027 के चुनाव का रिहर्सल मानकर चल रहे हैं, उप चुनाव के नतीजे बीजेपी के पक्ष में आते हैं तो लोकसभा चुनाव से उत्साहित अखिलेश बैकफुट पर आ सकते हैं। उधर, बीजेपी का लोकसभा चुनाव के नतीजों का गम भी काफी कम हो जायेगा। इसी बात को ध्यान में रखकर योगी अपनी रैलियों में लगातार सपा सरकार के समय के गुंडाराज, समाजवादी पार्टी के नेतृत्व व नेताओं की आपराधिक की परतें उधेड़ रहे हैं। वह अंबेडकरनगर की कटेहरी, मीरजापुर की मझवां और प्रयागराज की फूलपुर या अन्य विधानसभा सीटों के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित सभा में समाजवादी पार्टी को जहां अपराधी, दुष्कर्मी, माफिया का प्रोडक्शन हाउस बता रहे हैं, वहीं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को इसका सीईओ और पार्टी महासचिव शिवपाल यादव को ट्रेनर करार दे रहे हैं। सपा के पीडीए के नारे की अपने हिसाब से व्याख्या करते हुए योगी पीडीए का अर्थ है ह्यप्रोडक्शन हाउस ऑफ दंगाई एंड अपराधीह्ल बताते हैं। वह कहते हैं कि अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी, खान मुबारक सपा के इसी प्रोडक्शन हाउस की उपज थे। इसी के साथ योगी बार-




बार याद दिलाते हैं कि बंटेंगे तो कटेंगे और एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे, इसलिए एकजुट रहिए।भाजपा प्रत्याशी धर्मराज निषाद के समर्थन में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री ने यहां तक कहा कि कांग्रेस-सपा वाले महापुरुषों का सम्मान नहीं करते हैं। एक साल पहले भाजपा 31 अक्टूबर को जब राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में वल्लभ भाई पटेल की जयंती मना रही थी तो सपा और उसके मुखिया भारत विभाजन के जिम्मेदार जिन्ना की जयंती मना रहे थे। इन्हें जिन्ना प्यारा है, क्योंकि उसने भारत का विभाजन कराया था। योगी बताते हैं कि एससी-एसटी पर सर्वाधिक अत्याचार सपा शासन के दौरान हुए। 2015-16 में इन लोगों ने एससी-एसटी के बच्चों की छात्रवृत्ति रोक दी थी, उसे भी हमने शुरू कराया। कांग्रेस व सपा का इंडी गठबंधन देश व समाज के लिए खतरनाक है, इसलिए हरियाणा में जनता ने उन्हें नहीं आने दिया और भाजपा की हैट्रिक लगाई। प्रयागराज के फूलपुर में भाजपा प्रत्याशी दीपक व मिजार्पुर के मझवां में शुचिस्मिता के समर्थन में आयोजित सभा में सपा को सीधे निशाने पर लिया। योगी की इसी मुखरता के कारण चुनाव प्रचार में भाजपा के स्टार प्रचारक व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मांग लगातार बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव में लगातार तीन दिनों तक नौ रैलियां करने के बाद योगी झारखंड के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। योगी झारखंड में चार रैलियां कर भाजपा के चुनाव प्रचार को धार देंगे। इससे पहले पांच नवंबर को भी उन्होंने झारखंड में कई रैलियां कर भाजपा के उम्मीदवारों का प्रचार किया था। मुख्यमंत्री की पहली जनसभा भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में होगी। भारतीय जनता पार्टी ने यहां से मनु प्रताप शाही को उम्मीदवार बनाया है। योगी इसके बाद पलामू जिले की हुसैनाबाद सीट से उम्मीदवार कमलेश कुमार सिंह के लिए वोट मांगेंगे। उनकी तीसरी व चौथी रैली भी पलामू में ही होगी। तीसरी रैली पांकी से शशिभूषण मेहता के लिए करेंगे। वहीं चैथी व आखिरी रैली डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र में होगी। यहां से भाजपा ने आलोक कुमार चौरसिया को उम्मीदवार बनाया है। योगी जहां भी चुनाव प्रचार के लिए जा रहे हैं वहां पर अपनी तेज-तर्रार शैली की छाप भी छोड़ रहे हैं। यही वजह है कि हर चुनाव में प्रचार के लिए पार्टी में उनकी मांग लगातार बढ़ रही है।

# सानिया मिर्जा को दुबई के लिए खेल राजदूत नियुक्त किया



दुबई, । टेनिस की दिग्गज हस्ती और लाखों लोगों की प्रेरणास्रोत सानिया मिर्जा ने दुबई के लिए खेल राजदूत नियुक्त होकर अपनी उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जोड़ ली है।

यह नियुक्ति वैश्विक खेल समुदाय पर उनके स्थायी प्रभाव और इस क्षेत्र के साथ उनके मजबूत संबंध को दर्शाती है, जहां उन्हें लगातार उनकी उपलब्धियों और खेलों में महिलाओं की वकालत के लिए सराहा जाता रहा है। उनकी नई भूमिका शहर की संस्कृति और अंतरराष्ट्रीय अपील के एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में खेलों को बढ़ावा देने के लिए दुबई की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। खेल राजदूत के रूप में, मिर्जा दुबई की खेल प्रोफ़ाइल को बढ़ाने के लिए अपने विशाल अनुभव और ज़ुनून का योगदान देंगी, अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों के केंद्र के रूप में शहर की प्रतिष्ठा को मजबूत करने के लिए अन्य वैश्विक पहलों के साथ काम करेंगी। उनकी भूमिका युवाओं को प्रेरित करने और एक भावना को बढ़ावा देने पर भी केंद्रित होगी। सानिया भारत की मशहूर टेनिस खिलाड़ी रही हैं। 2003 से 2013 में लगातार एक दशक तक उन्होंने महिला टेनिस संघ (डब्ल्यू टी ए) के एकल और डबल में शीर्ष भारतीय टेनिस खिलाड़ी के रूप में अपना स्थान बनाए रखने में सफल रही। मात्र 18 वर्ष की आयु में वैश्विक स्तर पर चर्चित होने वाली इस खिलाड़ी को 2006 में %पद्मश्री% सम्मान प्रदान किया गया। वे यह सम्मान पाने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी है। उन्हें 2006 में अमेरिका में विश्व की टेनिस की दिग्गज हस्तियों के बीच डब्लूटीए का %मोस्ट इम्प्रेसिव न्यू कमर अवार्ड% प्रदान किया गया था।उन्होंने चार ओलंपिक 2008 बीजिंग, 2012 लंदन, 2016 रियो और 2020 टोक्यो में भाग लिया।

# विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी तक सिमट कर रह जाएगा वनडे क्रिकेट-मार्क वॉ



नई दिल्ली, 13 नवंबर (आईएएनएस)। ऑस्ट्रेलिया के व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के कारण क्रिकेट के दिग्गज मार्क वॉ को भविष्य में वनडे क्रिकेट के बड़े टूर्नामेंट जैसे आईसीसी विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी तक सिमट कर रह जाने की उम्मीद है।

वॉ ने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की 1-2 से हार पर विचार करते हुए एक यथार्थवादी लेकिन कड़वी भविष्यवाणी की है कि पारंपरिक 50 ओवर के प्रारूप को छोटे टी20 प्रारूप और उच्च-दांव प्रतियोगिताओं से बाहर टेस्ट मैचों के पक्ष में कम किया जा सकता है। ऑस्ट्रेलियाई टीम में स्टार टेस्ट खिलाड़ी पैट कमिंस, स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन, मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड की कमी है, जो अपने वरिष्ठ खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में संघर्ष कर रही है। पहले वनडे में कमिंस के शानदार प्रदर्शन की बदौलत करीबी जीत हासिल करने में मदद मिली, लेकिन बाद में उन्हें आराम देने और अन्य टेस्ट स्टार खिलाड़ियों की कमी से अनुभवहीन लाइनअप को लगातार करारी हार का सामना करना पड़ा, जिसमें खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन भी शामिल था, जिसमें विश्व कप विजेता टीम दूसरे और तीसरे वनडे में क्रमश: 163 और 140 रन पर आउट हो गई। यह 2002 के बाद से ऑस्ट्रेलिया की पाकिस्तान के खिलाफ पहली वनडे घरेलू सीरीज हार थी, और इस प्रदर्शन ने क्रिकेट कमेंटेटर इयान हीली और माइकल क्लार्क को यह सुझाव देने के लिए प्रेरित किया कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया कम-दांव वाली द्विपक्षीय सीरीज में रुचि खो सकता है। 18 अंतरराष्ट्रीय शतकों के साथ ऑस्ट्रेलिया के सबसे महान वनडे खिलाड़ियों में से एक वॉ के लिए, द्विपक्षीय सीरीज के माध्यम से प्रारूप का कमजोर होना स्पष्ट हो गया है। वॉ ने न्यूज़डॉटकॉमडॉटएयू से कहा,मुझे लगता है कि आप सही कह रहे हैं। विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी अभी भी शानदार आयोजन हैं। भारत में पिछला विश्व कप एक अद्भुत टूर्नामेंट था, सिर्फ इसलिए अब भी मानता हूं कि यह एक शानदार टूर्नामेंट है और यह एक बेहतरीन प्रारूप है, क्योंकि इसमें 50 ओवर के खेल में टी-20 और टेस्ट मैच का मिश्रण है।

## स्मिथ की अछी खेल योजनाओं को तोड़ने के तरीके खोज लिए हैं -अश्विन

नई दिल्ली, । अनुभवी भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में स्टीव स्मिथ के खिलाफ़ कई मुकाबलों में उनकी अछी खेल योजनाओं को तोड़ने के तरीके खोज लिए हैं। उन्होंने कहा कि आईपीएल में उनके समय के दौरान नेट सेशन ने उन्हें ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ के खिलाफ़ तैयारी करने के तरीके के बारे में भी जानकारी दी। 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली आगामी बॉर्डर-गावस्कर सीरीज़ में दोनों दिग्गज अपनी प्रतिद्वंद्विता को फिर से जगाने के लिए तैयार हैं। यह जोड़ी 2013 से टेस्ट क्षेत्र में प्रतिद्वंद्वी रही है, जिसमें संघर्षरत स्मिथ को 2020-21 सीरीज़ की शुरुआत में अश्विन ने दो बार आउट किया था। जब ऑस्ट्रेलिया ने 2023 में भारत का दौरा किया, तो स्मिथ दो बार अश्विन और तीन बार रवींद्र जडेजा के हाथों आउट हुए। अश्विन ने 7क्रिकेट को दिए एक इंटरव्यू में कहा, स्टीव स्मिथ स्पिन के खिलाफ़ एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। उनके पास अपनी अनूठी तकनीक है, यहां तक ??कि तेज़ गेंदबाज़ी के खिलाफ़ भी। लेकिन स्पिन के साथ, मुझे लगता है कि वह बेहतरीन गेम प्लान, बेहतरीन तैयारी के साथ आए थे और हाँ, वह इसे अंजाम देते थे।



## चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की भागीदारी को लेकर आईसीसी धर्मसंकट



नई दिल्ली,। चैंपियंस ट्रॉफी विवाद के बारे में पाकिस्तान में हाल ही में एक टेलीविज़न बहस के दौरान, एक पैनलिस्ट ने तर्क दिया कि आठ टीमों के 50 ओवर के टूर्नामेंट में भारत की जगह श्रीलंका को शामिल किया जाना चाहिए। दूसरे पैनलिस्ट ने इस पर पलटवार करते हुए कहा, आप उस खिलाड़ी को नहीं हटा सकते जो बल्ले और गेंद दोनों को थामे रहता है। आप भारत को तब नहीं हटा सकते जब विश्व क्रिकेट उन पर निर्भर करता है, खासकर तब जब प्रसारणकर्ता देश से हो। इस बहस ने पाकिस्तान, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सामने आने वाली दुविधा को अभिव्यक्त किया।

1996 में आखिरी बार वैश्विक आयोजन के बाद से, पीसीबी किसी भी कीमत पर चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करने के लिए उत्सुक है, चाहे भारत इसमें भाग ले या न ले। पीसीबी का लक्ष्य यह दिखाना है कि पाकिस्तान, जिसे अक्सर सुरक्षा मुद्दों के लिए निशाना बनाया जाता है, अपनी असुरक्षित छवि को बदलने के लिए तैयार है। लगभग तीन दशक बाद चैंपियंस ट्रॉफी जैसे बड़े आयोजन की मेजबानी करना इस धारणा को मजबूत करेगा। वैश्विक वास्तविकता अलग है। भारत की भागीदारी के बिना, चैंपियंस ट्रॉफी - या उस मामले में कोई भी आईसीसी आयोजन - एक गैर-शुरुआत होगी। इस स्थिति को और भी जटिल बनाने के लिए पीसीबी ने हाइब्रिड मॉडल के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है, जिसके तहत पाकिस्तान को मेजबानी करने की अनुमति होगी, लेकिन सेमीफाइनल और फाइनल सहित भारत के मैचों को किसी तटस्थ स्थान, संभवत: यूएई में स्थानांतरित किया जाएगा। लेकिन पीसीबी इसके लिए तैयार नहीं है। भारत और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उनकी टीम पाकिस्तान नहीं जाएगी, इसलिए हितधारकों, आईसीसी और पीसीबी, के पास केवल कुछ ही विकल्प बचे हैं । विशेष रूप से, तीन संभावित परिदृश्य हैं-1. पीसीबी हाइब्रिड मॉडल पर सहमत हो जाता है और 15 में से पांच मैच यूएई में खेले जाते हैं। 2. चैंपियंस ट्रॉफी को पाकिस्तान से बाहर ले जाया जाता है, ऐसी स्थिति में पीसीबी प्रतियोगिता से हट सकता है।

3. चैंपियंस ट्रॉफी को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया जाता है। प्रत्येक विकल्प के टूर्नामेंट और पीसीबी की महत्वाकांक्षाओं दोनों पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। अगर पीसीबी पीछे हटता है, तो उसे आईसीसी प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है, जिसमें आईसीसी के पर्याप्त वित्तपोषण में कटौती भी शामिल है। इसके अलावा, चैंपियंस ट्रॉफी को आगे बढ़ाने या स्थगित करने का मतलब होगा कि मेजबानी शुल्क के रूप में संभावित रूप से 65 मिलियन अमरीकी डॉलर का नुकसान, जो पीसीबी के लिए काफी बड़ी रकम है। यह नुकसान और भी अधिक परेशान करने वाला होगा, क्योंकि इसने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तीन निर्धारित स्थलों - कराची, रावलपिंडी और लाहौर में बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के लिए गंभीर निवेश किया था।

पाकिस्तान से मिली रिपोर्ट बताती मॉडल को स्वीकार न करने की सलाह दी है। स्थिति से परिचित एक सूत्र ने कहा, यह विचाराधीन नहीं है। पीसीबी स्वाभाविक रूप से सरकारी मार्गदर्शन का पालन करेगा।

## इंग्लैंड के खिलाफ बचे हुए टी20 मैचों से बाहर हुए रसेल, अल्जारी जोसेफ की निलंबन के बाद वापसी

सेंट जॉन्स (एंटीगुआ), । वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल को इंग्लैंड के खिलाफ बाकी बचे तीन ञ्20 मैचों से बाहर कर दिया गया है। उन्हें पहले मैच के दौरान बाएं टखने में चोट लग गई थी। पहले मैच में यह चोट लगने के कारण रसेल दूसरा मैच नहीं खेल सके, जिसमें वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जिससे वह सीरीज में 0-2 से पीछे हो गई।

रसेल की जगह शमार स्प्रिंगर को टीम में शामिल किया गया है, जो श्रीलंका के खिलाफ हाल ही में दो टी20 मैच खेल चुके हैं। इसके साथ ही अल्जारी जोसेफ अपने दो मैचों के बैन के बाद टीम में वापस आ रहे हैं। वह अंतिम महत्वपूर्ण चरण के लिए सेंट लूसिया में टीम से जुड़ेंगे और शमार जोसेफ की जगह लेंगे। अल्जारी को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में बिना अनुमति के मैदान छोड़ने पर वेस्टइंडीज क्रिकेट ने दो मैचों के लिए प्रतिबंधित कर दिया था, जिससे वेस्टइंडीज की टीम में एक खिलाड़ी कम हो गया था। सीरीज के बाकी मैच सेंट लूसिया में होंगे, जिसमें तीसरा मुकाबला गुरुवार को खेला जाएगा। वेस्टइंडीज को सीरीज में बने रहने के लिए गुरुवार को होने वाले तीसरे टी20 मैच में जीत हासिल करनी होगी। उल्लेखनीय है कि इंग्लैंड की टीम इस समय कैरेबियाई दौरे पर है जहां उन्होंने तीन मैचों की वनडे सीरीज खेल ली है।

# व्यापार

## भारत में रिटेल महंगाई दर अक्टूबर में 6.21 प्रतिशत रही

नई दिल्ली, । भारत में कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर अक्टूबर में बढ़कर 6.21 प्रतिशत हो गई है। सितंबर में यह 5.49 प्रतिशत थी। सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा मंगलवार को यह जानकारी दी गई। खुदरा महंगाई दर बढ़ने की वजह बीते महीने सब्जियों की कीमतों में तेज बढ़ोतरी को माना जा रहा है। अक्टूबर में सब्जियों की कीमतों में 42.18 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।



आधिकारिक बयान में कहा गया कि अक्टूबर महीने के दौरान दालों, अंडे, चीनी कन्फेक्शनरी और मसाले में महंगाई दर में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई है। अक्टूबर में उच्च खाद्य महंगाई दर की वजह मुख्य रूप से सब्जियों, फलों, तेल और वसा की कीमतों में वृद्धि होना है। बीते महीने के दौरान खाद्य तेलों की कीमतों में 9.51 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इससे कुल फूड प्राइस इंडेक्स में 10.87 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सालाना आधार पर हाउसिंग महंगाई दर अक्टूबर में 2.81 प्रतिशत रही है। यह सितंबर में 2.72 प्रतिशत पर थी। अक्टूबर 2024 महीने के लिए ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी इंडेक्स और महंगाई दर क्रमश: 162.5 और 5.45 प्रतिशत रही है। सितंबर 2024 में संबंधित सूचकांक और महंगाई दर क्रमश: 162.4 और 5.39 प्रतिशत थी। बीते कुछ महीनों में यह पहली बार है, जब रिटेल महंगाई दर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा तय किए गए स्तर 6 प्रतिशत के ऊपर रही है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने पिछले हफ्ते कहा था कि आरबीआई विकास को गति देने के लिए नरम तटस्थ मौद्रिक नीति रुख की ओर बढ़ गया है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि ब्याज दर में तुरंत कटौती होगी। एक मीडिया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा कि रुख में बदलाव का मतलब यह नहीं है कि अगली मौद्रिक नीति बैठक में दर में कटौती होगी।

## गौतम अदाणी ने ईयू, बेल्जियम, डेनमार्क और जर्मनी के राजदूतों को किया होस्ट

अहमदाबाद,। अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने मंगलवार को कहा कि उन्हें यूरोपीय संघ (ईयू), बेल्जियम, डेनमार्क और जर्मनी के राजदूतों की मेजबानी करने का अवसर मिला है, जिन्होंने गुजरात के खावड़ा में बन रहे दुनिया के सबसे बड़े रिन्यूएबल एनर्जी (आरई) पार्क और देश के सबसे बड़े पोर्ट हब मुंद्रा पोर्ट की यात्रा की।

गौतम अदाणी ने कहा कि राजदूतों के साथ चर्चा भारत के ऊर्जा परिवर्तन को आगे बढ़ाने और हाइड्रोजन इकोसिस्टम में तेजी लाने के लिए वैश्विक साझेदारी को मजबूत करने पर केंद्रित थी।

अदाणी ग्रुप के चेयरमैन ने अपनी पोस्ट में कहा कि हमारे कार्यालय को यूरोपीय संघ (ईयू), बेल्जियम, डेनमार्क और जर्मनी के राजदूतों की मेजबानी करने अवसर प्राप्त हुआ। मैं गुजरात के खावड़ा में दुनिया के सबसे बड़े रिन्यूएबल एनर्जी पार्क और मुंद्रा में भारत के सबसे बड़े पोर्ट, लॉजिस्टिक्स और इंडस्ट्रियल केंद्र की उनकी यात्रा की सराहना करता हूं।



गौतम अदाणी ने कहा कि हम एक संतुलित ऊर्जा मिश्रण सुनिश्चित करते हुए अपनी महत्वाकांक्षी रिन्यूएबल एनर्जी पहलों को आगे बढ़ाना जारी रखे हैं, जो पूरे भारत के लिए एक स्थायी भविष्य का समर्थन करता है।

अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) का ईबीआईटीडीए चालू वित्त वर्ष (2024-25) की पहली छमाही में सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 4,518 करोड़ रुपये हो गया है। अप्रैल से सितंबर की अवधि में एजीईएल का कैश प्रॉफिट सालाना आधार पर 27 प्रतिशत बढ़कर 2,640 करोड़ रुपये हो गया है।

खावड़ा के 30,000 मेगावाट (30 गीगावाट) के रिन्यूएबल एनर्जी पार्क में हाल ही में 250 मेगावाट की क्षमता की पहली पवन ऊर्जा का परिचालन शुरू किया है। अदाणी ग्रीन का लक्ष्य 2030 तक 50 गीगावाट की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता विकसित करना है।

अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने इस वित्त वर्ष की पहली छमाही में शुद्ध लाभ में 42 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 5,520 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 3,881 करोड़ रुपये था।

## भारत का इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन सितंबर में 3.1 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली,। भारत के इंडेक्स ऑफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन (आईआईपी) में सितंबर में 3.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अगस्त में इसमें 0.1 प्रतिशत की कमजोरी दर्ज की गई थी। सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी किए गए डेटा में यह जानकारी दी गई थी।

मैन्युफैक्चरिंग आउटपुट, जिसकी आईआईपी में तीन-चौथाई प्रतिशत की हिस्सेदारी है। इसमें सितंबर में सालाना आधार पर 3.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह सेक्टर देश में इंजीनियरिंग संस्थाओं और विश्वविद्यालयों से पास होने वाले युवा छात्रों को क्वालिटी जॉब मुहैया कराता है। सरकार द्वारा आधिकारिक बयान में कहा गया कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में सितंबर 2024 के महीने के लिए शीर्ष तीन सकारात्मक योगदानकर्ता - 5.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कोक और रिफाइंड पेट्रोलियम उत्पाद, 2.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बुनियादी धातु और 18.7 प्रतिशत की तेजी के साथ इलेक्ट्रिकल उपकरण हैं। आंकड़ों के मुताबिक, इस दौरान बिजली का उत्पादन 0.5 प्रतिशत और माइनिंग गतिविधियां 0.2 प्रतिशत बढ़ी हैं। अप्रैल-सितंबर अवधि में इंडस्ट्रियल उत्पादन में वृद्धि दर 4 प्रतिशत रही है, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में संशोधित वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत थी। उपयोगकर्ता वर्गीकरण पर आधारित आंकड़े बताते हैं कि पूंजीगत वस्तुओं का उत्पादन, जिसमें कारखानों में इस्तेमाल होने वाली मशीनें शामिल हैं, 2.8 प्रतिशत बढ़ गया है। यह खंड अर्थव्यवस्था में हो रहे वास्तविक निवेश को दर्शाता है, जिसका आगे चलकर नौकरियों और आय के सृजन पर कई गुना प्रभाव पड़ता है। सितंबर के दौरान इलेक्ट्रॉनिक सामान, रेफ्रिजरेटर और टीवी जैसे उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं के उत्पादन में भी 6.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो बढ़ती आय के बीच इन वस्तुओं की उच्च उपभोक्ता मांग को दर्शाता है। साबुन और सौंदर्य प्रसाधन जैसे उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं के उत्पादन में महीने के दौरान मामूली 2.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इन आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि सितंबर के दौरान मध्यवर्ती वस्तुओं के उत्पादन में 4.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में बुनियादी ढांचे/निर्माण वस्तुओं में 3.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई।



## केंद्र ने 13.3 करोड़ रुपये के 12 टेक्सटाइल रिसर्च प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी

नई दिल्ली, । केंद्र सरकार ने मंगलवार को नेशनल टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन के तहत 13.3 करोड़ रुपये के मूल्य के 12 रिसर्च प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। केंद्रीय टेक्सटाइल मंत्री गिरिराज सिंह की अध्यक्षता में मंत्रालय के 10वें मिशन संचालन समूह ने 12 रिसर्च प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी। जियोटेक्सटाइल्स, सस्टेनेबल और स्मार्ट टेक्सटाइल्स और कंपोजिट आदि के प्रमुख रणनीतिक क्षेत्रों में रिसर्च प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई है।



मंत्रालय के मुताबिक, इन प्रोजेक्ट्स का प्रस्ताव आईआईटी, एनआईटी और सीआरआरआई जैसे प्रमुख संस्थाओं की ओर से दिया गया था। मिशन के तहत स्वीकृत रिसर्च प्रोजेक्ट्स की कुल संख्या अब 168 हो गई है, जिनका कुल मूल्य लगभग 509 करोड़ रुपये है।

बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री की ओर से इंडस्ट्री से सक्रिय रूप से रिसर्च प्रोजेक्ट्स में भाग लेने की बात कही। नेशनल टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन, टेक्सटाइल मंत्रालय की एक प्रमुख योजना है जो विशेष रूप से उच प्रदर्शनवाले फाइबर के विकास के लिए स्थानीय उद्योग की रिसर्च और विकास क्षमताओं को विकसित करने पर केंद्रित है।अनुमान है कि घरेलू कपड़ा उद्योग 2030 तक बढ़कर 350 अरब डॉलर का हो जाएगा, जिससे 4.5-6 करोड़ नौकरियां पैदा होंगी। 2030 तक 50,000 मीट्रिक टन रेशम उत्पादन और 1 करोड़ रोजगार सृजन का लक्ष्य निर्धारित करते हुए, मंत्री सिंह ने हाल ही में कहा कि रेशम की खेती किसानों के रोजगार सृजन से जुड़ी है। देश में टेक्निकल टेक्सटाइल के विकास की काफी संभावनाएं हैं, क्योंकि यह सभी सेक्टरों में उपयोग होती है और इसके लिए 2030 तक 10 अरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य तय किया गया है। टेक्निकल टेक्सटाइल का वैश्विक व्यापार लगभग 300 अरब डॉलर का है निर्यात के साथ 25 अरब डॉलर का है। मंत्रालय ने एस्पायरिंग इनोवेटर्स इन टेक्निकल टेक्सटाइल्स (ग्रेट) पहल में अनुसंधान और उद्यमिता के लिए अनुदान घटक के तहत 11 स्टार्टअप प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। योजना के तहत प्रति स्टार्टअप 50 लाख रुपये तक की सहायता प्रदान की जाती है।

स्वामी ,मुद्रक ,प्रकाशक ,संपादक -ब्रजेश शुक्ला c/o के. के. शर्मा पत्रकार कॉलोनी, रिंग रोड नं.2 कस्तूरबा नगर बिलासपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित एवं दैनंदिनी प्रिन्टर्स 317/4 सरोना रायपुर से मुद्रित। फोन-0771-4059450, ईमेल-dainandini@yahoo.in, mail2dainandini@gmail.com

# राजहरा पुलिस ने सोने-चांदी के जेवरात की चोरी के मामले को चंद घंटों में सुलझाया

**घटना में शामिल 2 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार**
**चोरी गये मशरूका की शत प्रतिशत वाजाप्ता किया गया**
**जेल से रिहा होने के बाद फिर से चोरी के मामले में चोर को किया गया गिरफ्तार**

**बालोद।** सोने चांदी के जेवरात की चोरी को राजहरा पुलिस ने चंद घंटो में सुलझाया। घटना में शामिल 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। राजहरा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थी महेन्द्र प्रताप मौर्य निवासी दल्ली राजहरा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि इसके लडका रविन्द्र का नवरात्रि के समय से स्वास्थ्य खराब चल रहा है जिसका डॉक्टर से ईलाज कराने के बाद भी ठीक नहीं होने पर दिनांक 08 नवंबर 2024 को शाम करीबन 07.30 बजे लडका रविन्द्र मौर्य का ईलाज कराने परिवार सहित जुंगेरा के मीरा दतार मजार लेकर गया था। रात्री में घर का लाईट जलाने के लिए मेरे पडोस में रहने वाली सावित्री यादव को बाहर का चाबी देकर गया था। दिनांक 09 नवंबर 2024 व 10 नवंबर 2024 को दिन में मै अपना घर देखने आया था, तब मेरा घर सुरक्षित था। दिनांक 12 नवंबर 2024 को प्रात करीबन 08.00 बजे प्रार्थी मीरा दतार मजार जुंगेरा मे था। उसी समय पडोसी सावित्री यादव ने फोन कर बताया घर के सामने का ताला को तोड़ने का प्रयास किया है, दरवाजा खुला नही है बताने पर प्रार्थी जुंगेरा से राजहरा करीबन 11.00 बजे पहुंच कर देखा तो मेरे घर के सामने का दरवाजा का लॉकर को छेड़छाड किये थे जो खुला नही था, तब प्रार्थी अपने पास में रखे चाबी से दरवाजा को खोलकर अंदर जाकर देखा तो घर के कमरा के उपर के एस्बेस्टस शीट को किसी अज्ञात व्यक्ती द्वारा तोड़ दिया गया था।

वहीं कमरा में पेटी के अंदर पुरानी इस्तेमाली सोने चांदी के जेवरात को रखने का डिब्बा, पर्स मे रखे थे, पेटी का सामान बिखरा हुआ था, सोना चांदी का रखने का डिब्बा एवं पर्स वही पर खाली पडा था, पेटी में रखे सोने का हार करीबन 19 ग्राम कीमती 1,10,000 रूपये, मंगलसुत्र करीबन 12



ग्राम 52000 रूपये, सोने के चैन करीबन 11 ग्राम कीमती 40000 रूपये, बिंदीया करीबन 3 ग्राम कीमती 15000 रूपये, सोना का जेन्टस अंगूठी करीबन 8 ग्राम कीमती 40000 रूपये, मंगलसूत्र लाकेट करीबन 4 ग्राम कीमती 15000 रूपये, सोने का नथ करीबन 2 ग्राम कीमती 13000 रूपये, सोने का लटकन एक जोडी करीबन 6 ग्राम 30000 रूपये, सोने का झुमका एक जोडी करीबन 9 ग्राम कीमती 40000 रूपये, एक झुमका करीबन 5 ग्राम कीमती 20000 रूपये, सोने का डोरला करीबन 1 ग्राम कीमती 7000 रूपये, मंगलसुत्र 1 नग करीबन 10 ग्राम कीमती 50000 रूपये, मंगलसुत्र एक नग करीबन 8 ग्राम कीमती 40000 रूपये , एक सोने का कंगन जोडी करीबन 20 ग्राम 1,20,000 रूपये, चांदी का पायल एक जोडी करीबन 267 ग्राम कीमती 16000 रूपये, एक जोडी चांदी का पायल करीबन 19 ग्राम 7000 रूपये, पायल एक जोडी करीबन 31 ग्राम 1500 रूपये, चांदी का ब्रेसलेट 1 नग करीबन 51 ग्राम 3000 रूपये, बिछिया एक जोडी करीबन 10 ग्राम कीमती 700 रूपये, अंगूठी 1 नग करीबन 7 ग्राम 400 रूपये तथा नगदी रकम 3000 रूपये जुमला 6,23,600 रूपये का सामान नही था।

कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा रात्री में मेरे घर के कमरा के शीट को तोडकर अंदर प्रवेश कर मेरे घर में रखे सामान को चोरी कर ले गया है। प्रार्थी महेन्द्र प्रताप मौर्य की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई मामले की गंभीरता को देखते हुए बालोद पुलिस अधीक्षक एसआर भगत के निर्देशन में अशोक कुमार जोशी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला बालोद एवं डॉ. चित्रा वर्मा नगर पुलिस अधीक्षक दल्ली राजहरा के मार्गदर्शन में निरीक्षक सुनील तिर्की थाना प्रभारी राजहरा द्वारा टीम गठित कर आरोपी का तत्काल पता तलाश किया गया।

नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. चित्रा वर्मा की सतत निगरानी में मामले के आरोपियों की पता तलाश की जा रही थी, संदेही उत्तम देशमुख उर्फपदरू जो दो माह पूर्व भी जेल से रिहा होकर आया है एवं दिनांक 11 नवंबर 2024 को प्रार्थी से ग्राम जुंगेरा मीरा दतार बाबा मजार मिला था। जो बातो बातों मे ही प्रार्थी से पूछ लिया कि इलाज के लिये कब तक रूकोगे। प्रार्थी ने कहा कि लगभग एक सप्ताह रूकूंगा। घटना क्रम को जोडते हुए संदेही उत्तम देशमुख उर्फ पदरू को पूछताछ के लिये थाना लाया गया, जो घटना को अपने साथी देशमुख यादव के साथ दिनांक 11 व 12 नवंबर 2024 के दरम्यानी रात्रि प्रार्थी के घर के मुख्य दरवाजा को तोडने का प्रयास किये थे। दरवाजा नहीं टूटने पर एस्बेस्टस शीट को तोडकर घुसकर सोने चांदी का जेवरात व नगदी रकम चोरी करना स्वीकार किये।

आरोपी उत्तम देशमुख चोरी के सोने चांदी के जेवरात को अपने घर के आलमारी में रखा था व नगदी रकम 1500 रूपये खर्च करना बताया व 1500 रूपये साथी आरोपी देशमुख यादव को देना बताया। आरोपी उत्तम देशमुख से उपरोक्त संपूर्ण सोने चांदी के ज्वेलरी सामान को उसके घर के आलमारी से बरामद किया गया एवं आरोपी देशमुख यादव से चोरी के बटवारे के 1500 रूपये को बरामद किया गया। प्रकरण में आरोपियों की गिफ्तारी एवं सोने चांदी के जेवरात की बरामदगी कार्यवाही में थाना राजहरा से निरीक्षक सुनील तिर्की, सउनि सूरज साहू, कांताराम घिलेन्द्र, आरक्षक मनोज साहू, आरक्षक छन्नू बंजारे, आरक्षक शेरअली, आरक्षक योगेश सिन्हा, आरक्षक प्रवीण राजपूत, आरक्षक सुरेन्द्र देशमुख, आरक्षक गिरधर साहू की सराहनीय भूमिका रही है।

## जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत मिड़ते को हर घर जल योजना का मिल रहा लाभ

**बीजापुर (दैनंदिनी)।** जिला मुख्यालय से लगभग 20 किमी. दूरी पर ग्राम मिडते स्थित है। ग्राम मिडते में 83 परिवार निवासरत् है। ग्राम में हैंडपंप 18 स्थापित है और इन्हीं हैण्डपंपों के माध्यम से इन ग्रामीणों को पेयजल की सुविधा प्राप्त होती रही है। जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्राम में 03 सोलरों के माध्यम से ग्राम में निवासरत् 353 लोगों को घर पर ही शुद्ध पेयजल प्रदाय किा जा रहा है। ग्राम मिड़ते को ग्राम सभा के माध्यम से सरपंच श्रीमती रंजना वासम एवं सचित जनकैया पोंदी और ग्रामवासी तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी एवं जिला समन्वयक श्री टोपेश्वर साहू के उपस्थिति में हर-घर जल प्रमाणीकरण किया गया।

## जनजाति गौरव दिवस का आयोजन गरिमामयी ढंग से हो : कलेक्टर

**बीजापुर (दैनंदिनी)।** शासन के निर्देशानुसार 15 नवंबर को जिला मुख्यालय में एक दिवसीय जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा। जनजातीय गौरव दिवस के गरिमामय आयोजन सहित विकास कार्यो की प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित चिन्हांकित गांवों में विशेष ग्रामसभा का आयोजन कर वन अधिकार अधिनियम, पेसा अधिनियम, सतत् विकास लक्ष्य का पंचायत स्तर पर स्थायीकरण एवं गौरवशाली जनजातीय इतिहास के बारे में चर्चा कराने कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए।



खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 अंतर्गत धान खरीदी का शुभारंभ 14 नवम्बर को होगा। जिसके लिए जिले के समस्त धान उपार्जन केन्द्रों ने किसानों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए व्यापक तैयारी सुनिश्चित करने सभी केन्द्रों मे कांटा बाट, कम्प्यूटर, आर्द्रतामापी यंत्र, बारदाना सहित पेयजल, शौचालय एवं किसानों के लिए छाया का पर्याप्त बंदोबस्त करने के निर्देश दिए।

शासन की महत्वाकांक्षी योजना न्यौता भोज का आयोजन अधिकारी स्वस्पूर्त करे, बच्चों के साथ अपना अनुभव साझा करे। न्यौता भोज के लिए दिए गए निर्देशों के तहत् बच्चों के पोषण आहार में वृद्धि करने स्वास्थ्यवर्धक खाद्य सामग्री अपनी क्षमता के अनुरुप प्रदाय करे, नया बस स्टैण्ड मद्देड़ मे बसों को रोके, सड़क पर कहीं भी बस खड़ा करके सवारी न ले। इस हेतु समस्त बस संचालकों को निर्देशित करे। उक्त निर्देश कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिए।

## स्पोर्ट्स एकेडमी में मनाया देवउठनी एकादशी का पर्व

**बीजापुर (दैनंदिनी)।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी में देवउठनी एकादशी और तुलसी विवाह का पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया जिसमें जिले के कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के द्वारा पूजा अर्चना किया गया वही अकादमी के सभी खिलाड़ियों के साथ पटाखे भी जलाए गए । ज्ञात हो कि बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी के सांस्कृतिक भवन मैदान में विगत 6 वर्षो से सॉफ्टबॉल ग्राउंड में 1100 दियों से ग्राउंड को सजाया जाता है और समस्त खेल सामग्रियों की पूजा की जाती है और अंदरूनी इलाकों के बच्चे हैं जो दिवाली में अपने घर नहीं जा पाए उनके द्वारा पटाखे फोड़े जाते हैं उक्त कार्यक्रम में जिलाधीश के साथ एसडीएम श्री नारायण गवेल श्रम निरीक्षक एवं अंतर्राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल कोच श्री सोपान कर्णेवार फुटबॉल एनआईओएस कोच ज्योति यादव वॉलीबॉल कोच भवानी चरण एवं समस्त खिलाड़ी जिनमें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी मौजूद थे।



## संपत्तिकर एक साथ जमा करने पर मिलेगी 2 प्रतिशत की छूट

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्थित भवन/भूमि स्वामियों को उनके स्वामित्व के भवन/भूमियों पर चालू वित्तीय वर्ष 2024.25 हेतु देय संपत्तिकर पर 30 नवम्बर 2024 तक एक मुश्त भुगतान करने पर 2 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। नगर निगम भिलाई के 5 जोन में एवं मुख्य कार्यालय में कार्यायालयीन अवधि में करदाता संपत्ति कर जमा कर सकते हैं। यह सुविधा सभी प्रकार के संपत्ति कर करदाताओं के लिए है। जिसका भवन/भूमि स्वामी लाभ उठा सकते है। गौरतलब है कि बहुत से संपत्ति करदाता जानकारी के अभाव में मार्च



महीने में संपत्ति कर जमा करने आते हैं समय उनके संपत्ति जमा करने वाली राशि पर ब्याज लिया जाता है। उससे अच्छा है समय से संपत्ति कर जमा करके दो प्रतिशत का लाभ उठाएं, एक आदर्श नागरिक बने। भवन मालिक अपने भवन का संपत्तिकर की स्थिति जानने के लिए हेल्पलाईन व व्हाट्सअप नम्बर 9153986401 पर जानकारी प्राप्त कर सकते है एवं मांग अनुसार 2 प्रतिशत की छूट के साथ आंनलाईन वेबसाईट में अपने देय करो का भुगतान कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं।

## 4 हजार अप्रवेशी और ड्राप आउट बच्चे स्कूली शिक्षा से जुड़े

### रंग लाई स्कूल फिर चले अभियान की मुहिम

**बीजापुर (दैनंदिनी)।** जिले में शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ीकरण और बच्चों को शाला से जोड़ने के जिला प्रशासन के अभिनव पहल स्कूल फिर चले अभियान को जिले में आशानुकूल सफलता मिली है। स्कूल वेंडे वर्राट पंडुम अभियान के जरिये जिले के 550 के गांवों में डोर टू डोर सर्वे कर 6 से 18 साल के 7 हजार बच्चों को शाला त्यागी और अप्रवेशी के रुप में बच्चों की पहचान की गई जिसमें से 6 से 14 वर्ष के 4 हजार बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा में जोड़ने में जिला प्रशासन को सफलता मिली है।

जिले की शैक्षणिक दशा राष्ट्रीय स्तर के अनुपात में कमजोर होने से यहां की आर्थिक सामाजिक तौर पर इसका सीधा असर पड़ा है। इसे दूर करने के लिए जिला प्रशासन ने शत् प्रतिशत बच्चों को स्कूल से जोड़ने का महाअभियान प्रारंभ किया जिसे स्कूल वेंडे वर्राट पंडुम यानि स्कूल फिर चले अभियान नाम दिया गया है। इस




अभियान के तहत् जिला, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर समिति का गठन कर लगभग 600 दल के माध्यम से 2400 कर्मचारियों के जरिये 579 गांवों को सर्वे किया गया। सर्वे में 7 हजार से ज्यादा बच्चों की पहचान अप्रवेशी एवं शाला त्यागी के रुप में की गई जिन्हें विशेष अभियान चलाकर स्कूलों में प्रवेश देने की कार्रवाई की गई। शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकताओं, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, पंचायत सचिव की टीम बनाकर गांव-गांव में रैली आयोजित कर जागरुकता कैम्पेन चलाया गया साथ ही कलेक्टर की पाती और वेलकम किट भेंट कर पालकों और बच्चों को आकर्षित किया गया। इस कैम्पेन के जरिये सामूहिक प्रयास से शिक्षा सत्र 2024-25 से 6 से 14 वर्ष की लगभग 4 हजार बच्चों को कक्षा पहली से कक्षा 8वीं में प्रवेश दिलाने में जिला प्रशासन कामयाब हो पाया। इस अभियान के जरिये माओवाद प्रभावित क्षेत्र के 20 सालों से बंद पड़े 28 स्कूलों को फिर से खोलने में सफलता मिली। जिसमें लगभग 1 हजार बच्चों को प्रवेश दिया गया। इस अभियान का सकारात्मक असर यह रहा कि शिक्षा के प्रति ग्रामीणों मे नयी चेतना का संचार हुआ और शिक्षा व्यवस्था को स्थापित करने को लेकर ग्रामीण अब स्वयं स्कूल एवं शिक्षक की मांग करने लगे है।


## एंड पिक्चर्स पर फिल्म 'दोनों' के प्रीमियर के साथ मनाइए प्यार, मुस्कुराहट और नई शुरुआतों का जश्न!

अवनीश बड़जात्या के निर्देशन में बनी इस प्यारी-सी कहानी में नए चेहरे राजवीर देओल और पलोमा ढिल्लों अपनी मोहक अदाकारी से सबका दिल जीतते नज़र आएंगे। देखना न भूलें, 'दोनों' का प्रीमियर शनिवार, 16 नवंबर को दोपहर 12 बजे, सिर्फ एंड पिक्चर्स पर!

इस शनिवार, 16 नवंबर को दोपहर 12 बजे एंड पिक्चर्स पर फिल्म 'दोनों' के प्रीमियर के साथ एक खूबसूरत सफर का हिस्सा बन जाइए। यह हल्की-फुल्की रोमांटिक कहानी आपको एक ताज़गी भरा एहसास कराएगी। 'ऑन नहीं, फुल ऑन' मनोरंजन के लिए मशहूर एंड पिक्चर्स इस बार लेकर आया है राजश्री प्रोडक्शंस की एक नायाब पेशकश - जो आज के युवाओं की ख्वाहिशों, सपनों और रिश्तों के रंग बिखेरती है। राजश्री की परंपरा और विरासत को आगे बढ़ाने वाली फिल्म 'दोनों' एक ऐसी कहानी है, जिसे पूरा परिवार मिलकर देख सकता है और इसका मज़ा ले सकता है।

फिल्म 'दोनों' में पहली बार लीड रोल में नज़र आएंगे सनी देओल के बेटे राजवीर देओल और 90 के दशक की एक्ट्रेस पूनम ढिल्लों की बेटी पलोमा ढिल्लों। अवनीश बड़जात्या द्वारा निर्देशित और सह-लिखित यह फिल्म एक डेस्टिनेशन वेडिंग की रंगीन दुनिया में सजी है, जहां देव- जो कि दुल्हन का शांत स्वभाव वाला दोस्त है, और मेघना, जो दूल्हे की खुशमिजाज सहेली है, अचानक मिलते हैं और दोनों के बीच एक अनोखा रिश्ता बन जाता हैं। इस रौनक और खुशियों भरे माहौल में उनकी दोस्ती धीरे-धीरे गहरी होती है, जिसमें जवां दिलों की खट्टी-मीठी बातें और रिश्तों की गहराई को




खूबसूरती से पिरोया गया है। एंड पिक्चर्स पर 'दोनों' के प्रीमियर को लेकर सूरज बड़जात्या ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, राजश्री प्रोडक्शंस में हमारी कहानियों की खासियत यह है कि हम अलग-अलग शैलियों में कहानियां बुनते हैं, लेकिन अपने परिवार-केन्द्रित सिनेमा के प्रति सच्चे रहते हैं।। 'दोनों' उसी परंपरा को नए अंदाज़ में पेश करती है। यह आज के युवाओं की ज़िंदगी, उनके सपनों और मोहब्बत को लेकर उनका नजरिया दिखाती है। हमारी पिछली फिल्मों की तरह ही, यह एक ऐसी कहानी है जो हर उम्र के दर्शकों के दिलों में उतर जाएगी। हमें खुशी है कि 'दोनों' का प्रीमियर एंड पिक्चर्स पर हो रहा है।

राजवीर देओल ने 'दोनों' में अपने किरदार देव के बारे में बताते हुए कहा, देव का सफर खुद को जानने, प्यार को समझने और दुनिया में अपनी जगह तलाशने का है। मुझे यकीन है कि कई युवा इस सफर से खुद को जोड़ पाएंगे। इस किरदार को निभाना मेरे लिए एक बेहतरीन अनुभव रहा, और मुझे पूरा विश्वास है कि दर्शक देव की कहानी में अपनी ज़िंदगी की झलक पाएंगे। मुझे इस बात की खुशी है कि 'दोनों' का प्रीमियर एंड पिक्चर्स पर हो रहा है, जो युवा कहानियों को 'फुल ऑन' अंदाज में पेश करता है।

पलोमा ढिल्लो ने फिल्म को लेकर अपने विचार साझा करते हुए कहा, ÷मेघना का सफर अपने वजूद की तलाश, ज़िंदगी की खुशियों और मुश्किलों का सामना करने और रिश्तों की मिठास को महसूस करने का है। यह एक ऐसा किरदार है, जिससे कई युवा एक गहरा नाता महसूस करेंगे, और मुझे उम्मीद है कि मेघना की कहानी दर्शकों के दिलों को छू जाएगी। यह फिल्म परिवारों को एक सच्ची और दिल को छू लेने वाली कहानी का एहसास कराएगी, और मुझे बेहद खुशी है कि इसका प्रीमियर एंड पिक्चर्स पर हो रहा है।

फिल्म के निर्देशक और सह-लेखक अवनीश बड़जात्या ने कहा, ÷फिल्म 'दोनों' आज की पीढ़ी की कहानी है, जो उनकी ज़िंदगी, उनके प्यार और उनकी अनोखी चुनौतियों को दर्शाती है। राजवीर और पलोमा ने अपने किरदारों को इतने अच्छे ढंग से निभाया है कि देव और मेघना हर युवा को अपने-से लगेंगे। मुझे बेहद खुशी है कि परिवार और युवा दर्शक एंड पिक्चर्स पर इस कहानी का मज़ा ले सकेंगे, जो मेरे दिल के बेहद करीब है।

**अपनी मासूम, हल्की-फुल्की रोमांटिक कहानी और आत्म-खोज की थीम के साथ, 'दोनों' हर उम्र के दर्शकों और परिवारों की पसंद बनने के लिए तैयार है। इस प्रीमियर को मिस न करें, देखें शनिवार, 16 नवंबर को दोपहर 12 बजे, सिर्फ एंड पिक्चर्स पर!**


## वार्ड में सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति को सत्यापित करेंगे पार्षद

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक वरिष्ठ पार्षद एवं एमआईसी सदस्य सीजू एन्थोनी की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में निगम भिलाई के सभी वार्डो में सफाई व्यवस्था को और व्यवस्थित बनाने के लिए प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचार विमर्श के बाद 15 कार्यो को स्वीकृति प्रदान की गई। प्रत्येक वार्ड में निर्धारित सफाई कर्मचारियो की उपस्थित को सत्यापित करेंगे वार्ड पार्षद।



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत आने वाले वार्डो में नाली, सड़क, बाजार एवं तिपहिये रिक्शे/ई-रिक्शा से आवासीय एवं व्यवसायिक क्षेत्र में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य तथा अन्य कार्य के लिए कार्य आधारित निविदा के संबंध में निगम भिलाई के नेहरू नगर जोन-1 में वार्ड 1 से 8 तक एवं वार्ड 9 से 18 तक। वैशाली नगर जोन-2 में वार्ड 14, 15, 16, 19, 20, 26, 27 एवं 21, 22, 23, 24, 25, 28, 29 तक। मदर टेरेसा नगर जोन-3 में वार्ड 30, 31, 32, 33, 34, 35, 36, 37 तक। शिवाजी नगर खुर्सीपार जोन-4 में वार्ड 38, 39, 40, 41, 42, 43, 44 एवं वार्ड 45, 46, 47, 48, 49, 50, 51 तक। सेक्टर 06 जोन-5 में वार्ड 69 का 1/2 भाग एवं 70 तक के कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही सफाई करने वाली संबंधित एजेंसी के नियम एवं शर्तो की जानकारी अगले महापौर परिषद की बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत करने को कहा गया। उपरोक्तानुसार समस्त वार्डो में सफाई कार्य को सुचारू रूप से संपादित कराये जाने के लिए प्रकरण एमआईसी के बाद सामान्य सभा से स्वीकृति के बाद ही मुर्त रूप लेगा। तब तक के लिए नवीन कार्यादेश होने तक कार्य की निरंतरता बनाये रखने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। जिससे सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार का व्यवधान न हो। नगर निगम भिलाई के संपत्ति की सुरक्षा हेतु आगामी निविदा होने तक सुरक्षागार्ड व्यवस्था दिनांक 30.11.2024 तक के लिए समय वृद्धि, देयक एवं वित्तीय स्वीकृति को मंजूरी दी गई है। निगम के वाहन शाखा हेतु उच्चकुशल, कुशल एवं अर्धकुशल वाहन चालक एवं हेल्फर उपलब्ध कराने हेतु आगामी निविदा होने तक दिनांक 30.11.2024 तक समयावृद्धि एवं अतिरिक्त व्यय राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। महापौर परिषद के बैठक में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, साकेत चंद्राकर, एकांश बंछोर, केशव चैबे, संदीप निरंकारी, आदित्य सिंह, चंद्रशेखर गंवई, मन्नान गफ्फार खान, श्रीमती मालती ठाकुर, नेहा साहू एवं निगम के अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, जोन आयुक्त येशा लहरे, सतीश यादव, कुलदीप गुप्ता, अभियंता आर.एस.राजपूत, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, राजस्व अधिकारी मलखान सिंह शोरी, लेखाधिकारी सी.बी.साहू आदि उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### रायपुर से नवा रायपुर होते हुए अभनपुर के बीच ट्रेन चलने का ट्रायल

**रायपुर।** रायपुर से नवा रायपुर होते हुए अभनपुर के बीच ट्रेन चलने का आज ट्रायल होगा। यात्रियों लंबे इंतजार के बाद यह सुविधा मिलने जा रही है। रेल्वे के अधिकारियों के अनुसार मंगलवार को पहली ट्रेन चलेगी। ट्रेन में रेलवे के सभी विभागों के सुपरवाइजर की मौजूद रहेंगे। मंगलवार सुबह 10.00 बजे आठ कोच का ट्रेन अभनपुर तक चलेगी। यह ट्रेन रायपुर रेलवे स्टेशन से 10.00 बजे ट्रायल पर रवाना होगी। रेलवे के अफसरों के अनुसार ट्रेन रायपुर से छूटकर मंदिर हसौद पहुंचकर वहां से सीबीडी होते हुए अभनपुर तक जाएगी। अभनपुर से थोड़ी देर बाद ट्रेन रायपुर वापस लौटेगी। ट्रायल के दौरान अफसरों की टीम ट्रैक की खामियों के आकलन करेगी। ट्रायल सफल होने पर जल्दी रायपुर नया रायपुर से अभनपुर के बीच मेमू ट्रेन चलने की घोषणा की जाएगी। रेलवे के अधिकारियों ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। रायपुर से अभनपुर तक मेमू ट्रेन चलाने की योजना है। इसमें एक ट्रेन एक सुबह और एक शाम को चलेगी। छह जगहों पर स्टेशन स्थापित किया गया है। इसमें रायपुर , मंदिर हसौद नवा रायपुर में उद्योग नगर सीबीडी स्टेशन, केंदी, अभनपुर स्टेशन शामिल है।

### वाट्सअप में फर्जी डीपी लगाकर 5 लाख की ठगी

**रायपुर।** अज्ञात आरोपी ने वाट्सअप पर फर्जी डीपी लगाकर 5 लाख रुपए ऐंठ लिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सन्नी जुमनानी 41 वर्ष कवितानगर अवंतिविहार खम्हारडीह का रहने वाला है। प्रार्थी ने सिविल लाइन थाना में शिकायत किया कि अज्ञात आरोपी ने 97276-30576 वाट्सअप में प्रार्थी के भाई पुनीत परवानी का डीपी लगाकर फोन किया और 5 लाख रुपए ऐंठकर धोखाधड़ी किया।

### दोपहिया वाहन पार

**रायपुर।** राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।






# कांग्रेस व भाजपा प्रत्याशी ने किया सपरिवार मतदान

रायपुर > दैनन्दिनी.

भाजपा रायपुर दक्षिण के प्रत्याशी सुनील सोनी ने परिवार के साथ नयापारा के मतदान केंद्र पहुंचे। यहां उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा ने सुबह-सुबह अपने परिवार के साथ सुंदर नगर स्थित पंडित सुंदर लाल शर्मा स्कूल में मतदान किया. इसके पहले आकाश शर्मा ने मंदिर में हनुमान जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। आकाश शर्मा ने मतदान देने के बाद कहा कि सुनील सोनी निष्क्रिय प्रत्याशी हैं. आज मैने पूरे परिवार के साथ मतदान किया है. इस बार रायपुर दक्षिण की जनता युवा को ही सुनेगी. वहीं उनकी पत्नी ने कहा कि बृजमोहन अग्रवाल आठ बार से यहां विधायक थे. लेकिन कोई काम यहां पर नहीं हुआ है. इस बार रायपुर दक्षिण की जनता की सोच बदल रही है. इस बार अनुभवी को न चुनकर युवा को मौका मिलेगा. आकाश शर्मा के पिता ने कहा कि आकाश शर्मा विकास की सोच के साथ रायपुर दक्षिण में लगातार लोगों के बीच गया है. बहुत मेहनत की है. एक-एक व्यक्ति से उन्होंने मुलाकात की है. इस बार सभी की सोच यही है. कि आकाश शर्मा को रायपुर दक्षिण से जीताना है.



## दानी गर्ल्स स्कूल मतदान केंद्र में हंगामा आपस में भिड़े बीजेपी-कांग्रेस कार्यकर्ता

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के दौरान दानी गर्ल्स स्कूल मतदान केंद्र पर बुधवार को भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। दोनों पक्षों के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की, जिसके बाद पुलिस ने हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित किया। सूत्रों के अनुसार, विवाद तब शुरू हुआ जब भाजपा का गमछा पहनकर एक कार्यकर्ता मतदान केंद्र के भीतर जाने की कोशिश कर रहा था और महापौर एजाज ढेबर द्वारा कथित तौर पर फूड पैकेट बांटने की खबर सामने आई। इसी को लेकर दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के बीच गरमा-गरमी हुई और स्थिति हाथापाई तक पहुंच गई। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों को खदेड़ कर मतदान केंद्र के बाहर किया और झगड़े को शांत कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अब मतदान केंद्र पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

# राजधानी में दो दिनों तक बिखरेगी आदिवासी लोक नृत्यों की छटा

रायपुर > दैनन्दिनी.

राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान में दो दिवसीय जनजातीय गौरव दिवस के भव्य आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों के साथ पूर्वोत्तर राज्यों के कलाकार भी अपनी संस्कृति की झलक बिखेरेंगे। 14-15 नवम्बर को आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देने पूर्वोत्तर भारत के पांच राज्यों मेघालय, मिजोरम, असम, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के कलाकार रायपुर पहुंच चुके हैं। रायपुर रेलवे स्टेशन पर कलाकारों का पुष्पाहार और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। पूर्वोत्तर राज्यों से आए ये कलाकार वांगला-रुंगला, रेट-किनॉन्ग, गेह पदम ए ना-न्यी ई, सोलकिया जैसे लोक नृत्यों की प्रस्तुति से अपनी संस्कृति के विविध रंग बिखेरेंगे। जनजातीय गौरव दिवस पर प्रस्तुति देने मेघालय से 20 सदस्यों की टीम रायपुर आई है। यह दल गारो जनजाति द्वारा फसल कटाई के बाद किया जाने वाला वांगला-रुंगला लोक नृत्य प्रस्तुत करेगी। इसके कलाकार मेघालय की राजधानी शिलांग से करीब 200 किलोमीटर दूर नॉर्थ कर्व हिल्स (हृश्नह्लद्ध ष्टह्ल1द्द ।।द्बद्यद्यह्य) से आए हैं। दल का नेतृत्व कर रहे मानसेन मोमिन ने बताया कि वांगला गारो जनजाति का लोकप्रिय त्योहार है। यह जनजाति कृषि अर्थव्यवस्था पर निर्भर है। फसल कटाई के बाद उर्वरता (स्नद्गह्लद्बद्यद्बह्ल4) के देवता मिसी सालजोंग को धन्यवाद देने के लिए वे यह नृत्य करते हैं। वे फसल उपलब्ध कराने के लिए भगवान को धन्यवाद देते हैं, उनकी पूजा कर नाच-गाकर प्रार्थना करते हैं और नई फसल का भोग लगाते हैं। देवता मिसी सालजोंग को धन्यवाद देने से पहले किसी भी कृषि उत्पाद का उपयोग नहीं किया जाता है। वांगला-रुंगला आदिवासी लोक नृत्य में महिला और पुरुष दोनों हिस्सेदारी करते हैं। पुरुष नर्तक अपना परंपरागत ढोल लेकर नृत्य करते हैं जिसे दामा कहा जाता है। वांगला-रुंगला लोक नृत्य में नर्तकों का नेतृत्व करने वाले को ग्रिकगिपा या तोरेगिपा कहा जाता है। इसमें महिलाएं संगीत की धुन पर अपने हाथ हिलाती हैं, जबकि पुरुष अपने परंपरागत ढोल को बजाकर नृत्य करते हैं। मिजोरम की राजधानी आईजोल से रायपुर पहुंची लोक नृत्य दल यहां सोलकिया नृत्य की प्रस्तुति देगी। इसके 20 सदस्यों के दल में 11 पुरूष और नौ महिलाएं शामिल हैं। यह नृत्य मुख्यत: मिजोरम की मारा जनजाति द्वारा किया जाता है। 'सोलकिया' का अर्थ दुश्मन के कटे हुए सिर से है। सोलकिया नृत्य मूल रूप से दुश्मनों पर जीत का जश्न मनाने के लिए किया जाता था। खासकर उस मौके पर जब विजेता द्वारा दुश्मन का सिर ट्रॉफी के रूप में घर लाया जाता था। लेकिन अब यह सभी महत्वपूर्ण अवसरों पर मिजो समुदायों के पुरुषों और महिलाओं द्वारा किया जाता है। मिजोरम के कलाकारों के दल का नेतृत्व कर रहे जोथमजामा ने बताया कि सोलकिया नृत्य की शुरुआत पिवी और लाखेर समुदायों द्वारा की गई थी। इस लोक नृत्य के साथ आने वाला स्वर संगीत गायन की तुलना में मंत्रोच्चार के अधिक निकट है। ताल संगीत एक जोड़ी घड़ियों द्वारा प्रदान किया जाता है, जो एक दूसरे से बड़े होते हैं, जिन्हें डार्कहुआंग कहा जाता है। संगीत को बेहतर बनाने के लिए कई जोड़ी झांझ भी बजाए जाते हैं।



# छत्तीसगढ़ में आज से शुरू होगी धान खरीदी

## खाद्य मंत्री दयालदास बोले - किसानों का धान खरीदना सरकार की प्राथमिकता

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में 14 नवंबर से धान की खरीदी शुरू होने जा रही है. धान खरीदी के लिए सभी आवश्यक प्रारंभिक तैयारियां पूरी कर ली गई है. खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि प्रदेश के किसानों से धान खरीदी की योजना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है. मंत्री बघेल ने आज अपने रायपुर स्थित निवास कार्यालय में राज्य स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी व्यवस्था की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली. बैठक में अपर मुख्य सचिव ने मंत्री बघेल को अवगत कराया कि धान उपार्जन के संबंध में संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं. राज्य में 2739 उपार्जन केन्द्रों में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदा जाएगा. खाद्य मंत्री बघेल ने बताया कि इस खरीफ सीजन के लिए प्रदेश में पंजीकृत कुषकों की संख्या 27,01,109 है. इस वर्ष 1,35,891 नये किसान पंजीकृत हुए हैं, जिससे 1,36,263 हेक्टेयर नवीन रक्बों का पंजीयन किया गया है. कुल 34,51,729 हेक्टेयर रक्बे में पंजीयन अनुसार धान उपार्जन का अनुमान है. सभी उपार्जन केन्द्रों में बायोमैट्रिक डिवाईस के माध्यम से उपार्जन की व्यवस्था की गई है. छोटे, सीमांत और बड़े कृषकों के द्वारा उपजाये गए धान को निर्धारित समर्थन मूल्य में खरीदा जाएगा. इसके लिए 07 नवंबर से ही टोकन आवेदन की व्यवस्था आरंभ कर दी गई है. खरीदी सीजन में लघु एवं सीमांत कृषकों को अधिकतम 2 टोकन एवं बड़े कृषकों को 3 टोकन की पात्रता होगी. मंत्री बघेल ने बताया कि धान खरीदी अवधि 14 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 के दौरान किसान अपना धान खरीदी केन्द्रों में लाकर समर्थन मूल्य पर विक्रय कर सकते है. खरीदी केंद्रों में तौल के लिए इलेक्ट्रानिक कांटा-बांट की व्यवस्था किया गया है. खरीदी केंद्रों से धान का उठाव मिलर एवं परिवहनकर्ता के माध्यम से समयानुसार कराने के निर्देश दिए गए हैं. सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त बारदाने की व्यवस्था से लेकर छांव, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है. बैठक में अधिकारियों ने बताया कि धान उपार्जन केन्द्रों में शिकायत एवं निवारण के लिये हेल्प लाइन नंबर भी



चस्पा कर दिये गये हैं. विपणन संघ मुख्यालय स्तर पर शिकायत निवारण के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना भी की गई है, जिसका नं. 0771-2425463 है. धान बेचने वाले किसानों को समय पर भुगतान के लिए मार्कफेड द्वारा राशि की व्यवस्था कर ली गई है. समितियों में राशि आहरण के लिए ''माइक्रो एटीएम'' की व्यवस्था भी दी जा रही है, जिससे कि किसानों को सुविधा हो. किसानों द्वारा समिति में धान विक्रय के 72 घंटे के भीतर राशि किसानों के बैंक खाते में अंतरित कर दी जायेगी. खाद्य मंत्री बघेल के निर्देश पर धान रिसाइकलिंग बोगस खरीदी पर नियंत्रित करने के लिए अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय टीम द्वारा राज्य के अलग अलग संभागों में जिला कलेक्टरों के साथ संभाग स्तर पर विशेष कार्ययोजना बनाई गई है. राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र में विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है एवं चेक पोस्ट की स्थापना की गई है. मंडी विभाग द्वारा मंडी अधिनियम के तहत जिलों में अधिकृत व्यापारियों की सूची जिला प्रशासन के साथ साझा किया गया है. एनआईसी द्वारा तैयार मोबाइल एप्प के माध्यम से गिरदावरी के खसरों का पुन: सत्यापन लगातार जारी है. मार्कफेड द्वारा राज्य स्तर पर एकीकृत कंट्रोल कमांड सेंटर स्थापित कर राईस मिल एवं उपार्जन केन्द्रों पर रियल टाइम निगरानी रखी जाएगी. अधिकारियों ने बताया कि राज्य स्तर पर अलग-अलग जिलों के लिए राज्य स्तरीय वरिष्ठ अधिकारियों की जांच टीम बनाई गई है। जो लगातार

# डबल इंजन की सरकार में हो रहा विकास: श्यामबिहारी

**रायपुर.** रायपुर दक्षिण उपचुनाव के लिए आज वोटिंग जारी है. मतदान के बीच भाजपा दक्षिण प्रभारी और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जीत का दावा किया है. जीत का रिकॉर्ड भी टूटेगा. शांतिपूर्ण ढंग से मतदान जारी है. मंत्री श्यामबिहारी ने मतदाताओं से बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की है. मंत्री श्यामबिहारी ने कहा, मतदाताओं के बीच जो रुझान है वो क्च्छ्वक्क के पक्ष में है. प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है. विकास की गति भी डबल है. यही कारण है कि जनता क्च्छ्वक्क के साथ है. कांग्रेस पर तंज कसते हुए मंत्री श्याम बिहारी जारी जायसवाल ने कहा, कांग्रेस को जनता जानती है इसलिए कांग्रेस के पक्ष में मतदान नहीं हो रहा है. असफल प्रयास कर रहे हैं और जनता सब समझती है. कांग्रेस के प्रत्याशी के नाम दक्षिण के जनता तक को पता नहीं है. जनता को लुभाने के लिए तमाम कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने कहा, खाने का डिब्बा बांटकर जनता को अपनी ओर नहीं खींच सकते. जब पता है कि सौ मीटर के दायरे में राजनीतिक गतिविधियां नहीं करनी है तो कांग्रेस कर रही है, अब समझ सकते हैं. जो मतदान प्रतिशत है वो क्च्छ्वक्क की ओर इशारा कर रही है. यह प्रचंड जीत का इशारा है. बुलडोजर कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, सुप्रीम कोर्ट का फैसला सर आंखों पर है. पहले भी सरकार उनके फैसले का पालन करती रही है और अभी भी होगी. छत्तीसगढ़ में ऐसी कोई भी स्थिति नहीं है जो कोर्ट के फैसले का अवहेलना करें. जनजाति महोत्सव को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर सरकार पर निशाना साधा है. इस पर पलटवार करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, हाथ के बारे में भूपेश बघेल क्या बताएंगे. उनका हाथ तो 5 साल तक दिल्ली में गिरवी था. पूरे 5 साल दिल्ली से ऑपरेट होते थे.

## लाखों रुपए का माल लेकर ट्रक चालक फरार

**रायपुर।** श्री राम रोलिंग मील यूनिट 3 भनपुरी से लाखों रुपए का माल लेकर निकला ट्रक आज तक अपने गंतव्य स्थान पर नहीं पहुंचा। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अमानत का ख्यानत मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संदीप कुमार उपाध्याय 37 वर्ष रामेश्वर नगर भनपुरी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि श्रीराम रोलिंग मील यूनिट 3 से ट्रक क्रमांक जीजे 12 सीटी 7776 के चालक ने 24.85 टन माल लेकर महाराष्ट्र के लिए रवाना हुआ। जो आज तक अपने माल को गंतव्य स्थान तक नहीं पहुंचा।

# पूर्व मुख्यमंत्री के करीबी केके श्रीवास्तव पर ईडी ने दर्ज किया बड़ा मामला



रायपुर > दैनन्दिनी.

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी के.के. श्रीवास्तव के खिलाफ पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) और एफईओए (फ्यूजिटिव इकोनॉमिक ऑफेंडर्स एक्ट) के तहत बड़ा मामला दर्ज किया है। श्रीवास्तव पर आरोप है कि उन्होंने एक ठेके का आश्वासन देकर 15 करोड़ रुपये की ठगी की, साथ ही दिल्ली-मुंबई में फर्जी खातों के जरिए 500 करोड़ रुपये से अधिक का संदिग्ध लेनदेन किया।

**ठेका दिलाने के नाम पर 15 करोड़ की ठगी का आरोप**-रावत एसोसिएट्स कंपनी के निदेशक अर्जुन रावत की शिकायत के अनुसार, श्रीवास्तव ने रायपुर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में 500 करोड़ के ठेके का वादा किया था। इस कार्य के लिए श्रीवास्तव ने विभिन्न बैंक खातों में 15 करोड़ रुपये लिए। ठेका न मिलने पर जब रकम वापस मांगी गई, तो श्रीवास्तव द्वारा दिए गए सभी चेक बाउंस हो गए, जिसके बाद शिकायतकर्ता ने पुलिस में मामला दर्ज कराया।

**फर्जी खातों में 500 करोड़ का लेनदेन**-रायपुर पुलिस की जांच में सामने आया कि श्रीवास्तव ने दिल्ली और मुंबई में जोमैटो व स्विगी के कर्मचारियों के नाम पर फर्जी बैंक खाते खुलवाए थे। इन खातों के माध्यम से 500 करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन किया गया। रायपुर पुलिस ने इस जानकारी को आयकर विभाग और ईडी के साथ साझा किया, जिसके बाद ईडी ने श्रीवास्तव के खिलाफ मामला दर्ज किया।

**हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत याचिका की खारिज**-श्रीवास्तव ने इस मामले में हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका लगाई थी, लेकिन चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने इसे विशाल घोटाला बताते हुए याचिका खारिज कर दी। पुलिस के अनुसार, श्रीवास्तव के खिलाफ दर्ज केस डायरी और उनके फरार होने की स्थिति को देखते हुए जमानत न देने का निर्णय लिया गया।

**पुलिस ने घोषित किया भगोड़ा, 10,000 रुपये का इनाम**-जांच के दौरान, श्रीवास्तव और उनके परिवार के सभी सदस्य फरार हो गए। पुलिस ने उन्हें भगोड़ा घोषित करते हुए 10,000 रुपये का इनाम भी रखा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने उनके दिल्ली और मुंबई स्थित ठिकानों पर भी छापेमारी की है।

**विदेशी मुद्रा अधिनियम और शेल कंपनियों का भी उल्लंघन**-पुलिस द्वारा की गई ऑडिट में विदेशी मुद्रा अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन का खुलासा हुआ है।

# कोई भी पात्र मतदाता मतदान से वंचित न हो: निर्वाचन आयुक्त

रायपुर > दैनन्दिनी.

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने स्थानीय निकाय निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारियों की विडियो कान्फ्रेंसिग के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को सुचारू और निष्पक्ष ढंग से संचालित करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में विभिन्न अहम बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई ताकि चुनाव संबंधी सभी प्रक्रियाएं समय पर और सही तरीके से संपन्न हो सकें। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन नामावली को पूर्ण रूप से सही बनाया जाये। नामावली में किसी भी तरह की त्रुटि को दूर करने के निर्देश दिए ताकि हर योग्य मतदाता का नाम सूची में शामिल हो और वे अपने मतदान का अधिकार सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने कहा कि 1 अक्टूबर 2024 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी मतदाता का नाम सूची में आवश्यक रूप से शामिल हो। सिंह ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया के संबंध में कहा कि अब शासन द्वारा प्रावधान में संशोधन उपरांत निर्धारित प्रारूप में आवेदन के द्वारा तथा रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा स्वप्रेरणा से किया जा सकता है। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को एक अक्टूबर की स्थिति में सभी योग्य मतदाताओं के नाम जोड़े जाने के संबंध में प्रमुखता से कहा।



राज्य निर्वाचन आयुक्त ने रिटर्निंग ऑफिसर और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति के संबंध में कहा कि योग्य और प्रशिक्षित कर्मियों की नियुक्ति सुनिश्चित करें ताकि चुनाव के दौरान सभी प्रक्रियाएं सही ढंग से हो सकें। इन अधिकारियों का चुनाव प्रक्रिया में महत्वपूर्ण योगदान होता है, इसलिए उनकी नियुक्ति में पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने चुनाव कर्मियों की व्यवस्था और प्रशिक्षण के बारे में सभी जिले के कलेक्टर्स से जानकारी ली और चुनाव में संलग्न होने वाले सभी कर्मियों की उचित व्यवस्था और प्रशिक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव कर्मियों को प्रशिक्षण देने से वे चुनाव के दौरान आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्षम होंगे। उन्होंने अधिकारियों को समय पर और उच्च-स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए ताकि चुनाव के दिन किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो। उन्होंने कर्मचारियों की समुचित व्यवस्था के लिए पास के जिले से समन्वय बनाने कहा । राज्य निर्वाचन आयुक्त ने निर्वाचन सामग्री की व्यवस्था के संबंध में कहा कि सभी आवश्यक सामग्री समय से उपलब्ध हो। इसके अलावा, इन सामग्रियों की गुणवत्ता पर भी ध्यान देने के लिए कहा ताकि चुनावी प्रक्रिया में किसी प्रकार की कमी न रह जाए।

## वरिष्ठ पत्रकार गोपाल वोरा का निधन



**रायपुर।** बूढ़ापारा निवासी वरिष्ठ पत्रकार श्री गोपाल वोरा (81 वर्ष) का बुधवार 13 नवंबर को सुबह 9 बजे निधन हो गया। वे राजेश वोरा और मनीष वोरा के पिता थे। अंतिम यात्रा आज दोपहर 1 बजे डीडी नगर, एमआईजी-27, सेक्टर 3 से निकाली गई। अंतिम संस्कार मारवाड़ी शमशान घाट किया गया। श्री वोरा ने राजधानी से प्रकाशित विभिन्न समाचार पत्रों में अपनी सेवाएं दी थीं। वे रायपुर प्रेस क्लब के संस्थापक सदस्यों में से थे और कई बार पदाधिकारी भी रहे।

हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
• TDS रिफंड • GST रजिस्ट्रेशन • इनकम TAX फाइल
• प्रोजेक्ट रिपोर्ट • MSME रजिस्ट्रेशन • GST रिटर्न फाइल
• CMA DATE • फूड लाइसेंस • BALANCE SHEET
ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-
संपर्क- शेखर गुप्ता मो. 93007-55544, 8878655544
D-6 सेक्टर-2, गुरुद्वारा के सामने देवेन्द्र नगर रायपुर

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक,संपादक-**ब्रजेश शुक्ला** द्वारा आशीर्वाद, सी-255, रोहिणीपुरम रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित एवं दैनंदिनी प्रिन्टर्स 317/4 सरोना रायपुर से मुद्रित। फोन-0771-4059450, ईमेल- dainandini@yahoo.in, mail2dainandini@gmail.com